भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 272 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 26 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## जम्मू-कश्मीरः आतंकवाद पर नए सिरे से वार करने की तैयारी में एनआईए,जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ होगी छापेमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकी फंडिंग मामले में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेआई) समूह के खिलाफ चल रही अपनी जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अगले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में उनके कैडरों के खिलाफ छापे की एक और श्रृंखला की योजना बना रही है। ये छापेमारी आतंकवाद विरोधी एजेंसी के अधिकारियों द्वारा किए गए 61 तलाशी अभियानों के क्रम को आगे बढ़ाएगी, जो 8 और 9 अगस्त को श्रीनगर, बडगाम, गांदरबल, बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा, अनंतनाग, शोपियां, पुलवामा, कुलगाम, रामबन, डोडा, जम्मू और कश्मीर में किश्तवाड़ और राजौरी जिले में हुई थी। एनआईए में उच्च पदस्थ सूत्रों ने न्यूज एजेंस एएनआई को बताया कि अगले सप्ताह किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी के कैडरों और उनके समर्थकों के परिसरों पर नए सिरे से तलाशी ली जाएगी।एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने का अनुरोध करते हुए कहा, ठइन सर्च ऑपरेशन की योजना बनाई जा रही है क्योंकि एनआईए जांचकर्ता को मामले के संबंध में कुछ और सुराग मिले हैं।ठ अधिकारी ने कहा, ठहमें (एनआईए) एक दर्जन से अधिक जेईआई कैडरों और प्रतिबंधित संगठन से जुड़े संदिग्धों से पूछताछ के दौरान नए सुराग मिले हैं। मामले में चल रही जांच की जानकारी रखने वाले एनआईए के एक अन्य अधिकारी ने एएनआई को बताया कि जेईआई के 10 कैडरों और संदिग्धों से एजेंसी मुख्यालय में एक सप्ताह से अधिक समय तक पूछताछ की गई। पांच से अधिक संदिग्धों से अभी भी पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में एनआईए के अधिकारियों ने जिन जेईआई संदिग्धों से पूछताछ की, वे गांदरबल, श्रीनगर, कुपवाड़ा, बांदीपोरा, राजौरी और डोडा जिलों के हैं।



# भारत का बढ़ा दबदबा, मोदी-बाइडेन मुलाकात ने पाकिस्तान ही नहीं चीन को भी दे दिया संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की मुलाकात चीन और पाकिस्तान दोनों के लिए स्पष्ट संदेश है। साथ ही आने वाले दिनों में भारत की हिंद प्रशांत क्षेत्र में बड़ी भूमिका का संकेत भी है। बाइडेन से मुलाकात के पहले उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात में पीएम मोदी की यात्रा की दिशा और परिणाम की पटकथा लिख दी गई। विदेश सचिव ने बताया कि आतंकवाद पर उपराष्ट्रपति हैरिस ने स्वतः स्फूर्त कड़ा संदेश पाकिस्तान को दिया। यह दर्शाता है कि अफगानिस्तान के ताजा हालात और तालिबानी कब्जे के बाद पैदा हुए खतरो के प्रति भारत और अमेरिका की चिंता समान है। **चीन को लेकर चर्चाः** जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान को आतंकवाद और कट्टरपंथ पर कठोर संदेश मिला है तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेतृत्व के साथ पीएम मोदी की चीन से उपजे खतरों पर विस्तृत चर्चा हुई है। खासतौर पर



हिन्द प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में चीन के मनमाने रवैये पर इन देशो की चिंता समान है। ऑकस को लेकर आशंकाओं को भी द्विपक्षीय बैठकों में दूर किया गया है। सूत्रों ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बताया है कि ऑकस का मकसद किस तरह से अलग है और क्वाड के उद्देश्य में ये एक तरह से पूरक का काम करेगा। गौरतलब है कि ऑकस में ऑस्ट्रेलिया,यूके और अमेरिका शामिल हैं। जबकि क्वाड में भारत,अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं। दोनो गठजोड़ से चीन बौखलाहट में है।**अफगानिस्तान का मुद्दा छायाः** पीएम मोदी को द्विपक्षीय बैठकों में अफगानिस्तान का मुद्दा हावी रहा है। अफगानिस्तान में आतंकी संगठन तालिबान के कब्जे के बाद भारत की चिंता बढ़ती जा रही है। भारत ने सभी नेताओं के साथ बैठक में इस चिंता को साझा किया है। साथ ही विश्व समुदाय को आतंकवाद व कट्टरपंथ के खतरों से संजग रहकर रणनीति बनाने का अनुरोध किया है।

**तालिबान को चीन-पाक की शहः** सूत्रों ने कहा भारत ने ये भी बताया है कि कैसे तालबिान को चीन और पाकिस्तान का साथ मिल रहा है, उससे भारत के लिए ही नहीं दुनिया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका ने भी भारत के इस रुख को स्वीकार किया है।

### जो बाइडेन बोले- अमेरिकी प्रेस की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार अच्छा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में पहली बार द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने वार्ता की। इस दौरान बाइडेन ने चुटकी लेते हुए कहा कि अमेरिकी प्रेस की तुलना में भारतीय प्रेस का ''व्यवहार कहीं बेहतर'' है। वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद सातवीं बार अमेरिका के दौरे पर आए प्रधानमंत्री मोदी का व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडेन ने स्वागत किया।

### इन बिन्दुओं पर चर्चा

1- भारत-अमेरिका की वैश्विक साझेदारी
2. द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना
3. रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना
4. रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी को बढ़ावा देना
5. आतंकवाद,कट्टरपंथ के खिलाफ साझा रणनीति
6. सीमा पार आतंकवाद रोकने की तरीके पर विचार
7. अफगानिस्तान संकट से निपटने की रणनीति
8. चीन के विस्तारवाद पर लगाम
9. जलवायु परिवर्तन
10. यूएन सुधार

### पीएम मोदी ने जो बाइडेन को दिया भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को भारत आने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने एक विशेष ब्रीफिंग में कहा, ठपीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को भारत आने का न्योता दिया। राष्ट्रपति बाइडेन ने इसके लिए प्रधानमंत्री की प्रंशसा की और धन्यवाद कही। हम निश्चित रूप से जल्द से जल्द और आपसी सुविधा से अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा के लिए तत्पर हैं।अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की और क्वाड लीडर्स समिट में भाग लिया।इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की भी प्रशंसा की और उन्हें भी भारत आने का निमंत्रण दिया।

## पंजाबः चन्नी कैबिनेट में होंगे 5 पुराने और 7 नए मंत्री

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी नीत मंत्रिमंडल में 7 नए चेहरों को शामिल किए जाने जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की सरकार में शामिल रहे 5 मंत्रियों को शामिल नहीं किए जान की संभावना है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की अंतिम सूची तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री चन्नी ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजकर 30 मिनट पर राजभवन में राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की। राज्यपाल से मिलने के बाद चन्नी ने संवाददाताओं को बताया कि रविवार शाम चार बजकर 30 मिनट पर नए मंत्रियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा।



दिल्ली से लौटने के कुछ घंटे बाद ही चन्नी ने राज्यपाल से मुलाकात की। दिल्ली में उन्होंने नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों को लेकर पार्टी के आलाकमान के साथ अंतिम चरण की चर्चा की। सूत्रों के अनुसार परगट सिंह, राजकुमार वेरका, गुरकीरत सिंह कोटली, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कुलजीत नागरा और राणा गुरजीत सिंह मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। वहीं पार्टी ने अमरिंदर सिंह सरकार में मंत्री रहे विजय इंदर सिंगला, मनप्रीत सिंह बादल, ब्रह्म मोहिंदरा, सुखबीर सिंह सरकारिया, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, अरुणा चौधरी, रजिया सुल्तान और भारत भूषण आशु को मंत्रिमंडल में बनाए रखने का फैसला लिया है। सूत्रों ने बताया कि हालांकि अमरिंदर सिंह नीत मंत्रिमंडल में मंत्री रहे पांच विधायकों राणा गुरमीत सिंह सोढी, साधु सिंह धर्मसोत, बलबीर सिंह सिद्धू, गुरप्रीत सिंह कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा का मंत्रिमंडल से पत्ता कट सकता है। राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठक के बाद चन्नी नीत मंत्रिमंडल के नामों पर सहमति बनी। मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा करने के लिए चन्नी को कांग्रेस आलाकमान ने शुक्रवार को दिल्ली तलब किया था। मुख्यमंत्री चन्नी और दो उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओपी सोनी समेत कुल 18 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के पांच करीबी मंत्रियों की छुट्टी होने की संभावना है। इनमें साधु सिंह धर्मसोत, बलवीर सिद्धू, राणा गुरमीत सोढ़ी, गुरप्रीत कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा हो सकते हैं। धर्मसोत पर पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति में कथित तौर पर घोटाले के आरोप हैं। वहीं सोढी और अरोड़ा भी कैप्टन के खासमखास हैं।

### भारत-अमेरिका ने की सीमा पार आतंकवाद की निंदा, कहा- 26/11 मुंबई हमलों के दोषियों को दिला कर रहेंगे सजा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका ने सीमा पार आतंकवाद की निंदा की है और 26/11 के मुंबई आंतकी हमलों के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हुए कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित समूहों सहित सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करेंगे। व्हाइट हाउस में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई में एक साथ खड़े हैं।

## सीबीआई : आईजी वीके चौधरी व मुख्य जांच अधिकारी केएस नेगी पहुंचे प्रयागराज, शुरू की जांच पड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने शनिवार को अल्लापुर स्थित मठ बाघंबरी गद्दी पहुंच कर सेवादारों से घंटों पूछताछ की। टीम ने दरवाजा तोड़कर महंत नरेंद्र गिरि का शव फंदे से उतारने वाले सेवादारों से कई सवाल किए। चार सेवादारों के मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। सीबीआई टीम ने जिले के आला अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में साढ़े तीन घंटे की मैराथन मीटिंग भी की।



सीबीआई टीम आईजी वीके चौधरी और मुख्य जांच अधिकारी केएस नेगी के नेतृत्व में शाम चार बजे मठ पहुंची। टीम के साथ एसआईटी प्रभारी अजीत सिंह चौहान भी थे। टीम सीधे गेस्ट के उस कमरे के बाहर पहुंची जहां महंत का शव मिला था। पुलिस ने इस कमरे को सील कर रखा है। इसके बाद सीबीआई टीम गेस्ट हाउस के सभी कमरों में गई। कमरों और आसपास के निरीक्षण के बाद सेवादारों सर्वेश उर्फ बबलू, सुमित और धनंजय को बुलाया गया। सर्वेश और सुमित ने ही दरवाजा तोड़कर महंत के शव को नीचे उतारा था। धनंजय भी उनके साथ था। तीनों सेवादारों से घंटों पूछताछ की गई। इसके बाद उनके मोबाइल जब्त कर लिए गए। एक और सेवादार का मोबाइल जब्त किया गया है। टीम गेस्ट हाउस और मठ की छत पर भी गई। फिलहाल सील कमरे को नहीं खोला गया था। सीबीआई टीम इसी कमरे में सीन रिक्रिएट करेगी। इससे पहले सीबीआई टीम ने पुलिस लाइन में एडीजी, आईजी, डीआईजी समेत सभी आला अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

## महाराष्ट्रः स्कूल, मंदिर के बाद अब उद्धव सरकार ने सिनेमाघरों को 22 अक्टूबर से खोलने का किया ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य के सभी सिनेमाघरों और थियेटरों को 22 अक्टूबर से फिर से खोल दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पिछले 18 महीनों से राज्य में सिनेमाघर बंद हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस संबंध में विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का काम चल रहा है, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कोविड टास्क फोर्स के सदस्यों, मुख्य सचिव सीताराम कुंटे, अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) डॉक्टर प्रदीप व्यास और शिवसेना सांसद संजय राउत और अन्य के साथ विस्तृत चर्चा की। बॉलीवुड और मराठी फिल्म उद्योग से, रोहित शेट्टी, कुणाल कपूर, मकरंद देशपांडे, सुबोध भावे, आदेश बांदेकर और मंच तथा सिल्वर स्क्रीन के अन्य प्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया।यह कदम सरकार द्वारा राज्य के अधिकांश स्कूलों को चार अक्टूबर से और सात अक्टूबर से सभी पूजा स्थलों को प्रतिबंधों के साथ फिर से खोलने की अनुमति देने के एक दिन बाद आया है।

बता दें कि राज्य सरकार ने इस फैसले से पहले शुक्रवार को प्रदेश में धार्मिक स्थलों को भी खोलने की अनुमति दे दी है। नवरात्रि के शुरू होते ही यानी 7 अक्टूबर से राज्य में धार्मिक स्थलों को शुरू करने की अनुमति दी गई है। अब सरकार ने शनिवार को कोरोना प्रतिबंधों में और ढिलाई देते हुए सिनेमाघर संचालकों को बड़ी राहत दी है।इससे पहले राज्य के शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने बताया था कि राज्य में 4 अक्टूबर से 8वीं से लेकर 12वीं तक के क्लास खोल दिया जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार के नये फैसले के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 5वीं से 12वीं तक के क्लास खोल दिया जाएंगे। जबकि शहरी इलाकों में 8वीं से 12वीं तक के स्कूल खोले जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव की आहट, भाजपा ने कार्यकर्ताओं से कमर कसने ने के लिए कहा

**जम्मू (एजेंसी)।** अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद पहली बार राज्य में चुनाव की आहट सुनाई देनी लगी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश में उपराज्यपाल प्रशासन के दौरान हुए विकास कार्यों पर चर्चा के लिए बैठक हुई तो कार्यकर्ताओं को भी कमर कसने के लिए कह दिया गया है। बैठक की अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर के बीजेपी प्रभारी और पार्टी महासचिव तरुण चुघ ने की तो प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना, पीएमओ में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह, बीजेपी जम्मू कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद, संगठन महासचिव अशोक कौल, सांसद जुगल किशोर शर्मा, निर्मल सिंह और पूर्व उपमुख्यंत्री कवींद्र गुप्ता भी मौजूद थे।



कोर ग्रुप ने संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और मोदी सरकार के विकास कार्यों खासकर जम्मू-कश्मीर के निवासियों के लिए किए गए फैसलों को जनता तक पहुंचाने के लिए कई कदम उठाने की बात कही गई। संगठनात्मक गतिविधियों को तेज किए जाने का फैसला किया गया ताकि लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। कोर ग्रुप ने राज्य में आतंकवाद पर प्रभावी लगाम के लिए प्रशासन, सुरक्षा बलों, सेना, पैरा मिलिट्री, पुलिस बलों और सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ भी की। इसने कश्मीर में पर्यटन में इजाफे का भी जिक्र किया जो केंद्र शासित प्रदेश में समृद्ध दिनों के लौटने का संकेत माना जा रहा है। यह भी कहा गया कि कोरोना और अन्य हालात में पार्टी ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है।

कोर ग्रुप ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी में भी जुट जाने को कहा, जो राज्य में परिसीमन के बाद कराया जाएगा। पीएम मोदी भी इसके लिए वादा कर चुके हैं। बीजेपी नेताओं ने यह भी कहा कि जनता में पार्टी के प्रति संतुष्टि और समर्थन है।

## सस्पेंड हो सकते हैं मुंबई के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह, डीजीपी ने गृह मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डीजीपी संजय पांडे ने हाल ही में आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह और दूसरे उन पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड करने का प्रस्ताव भेजा है, जिनका नाम कथित वसूली केस में सामने आया है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, गृह विभाग ने डीजीपी से और अधिक ब्योरा मांगा है। मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर के खिलाफ मुंबई और ठाणे में कम से कम चार केस दर्ज किए गए हैं। गृह विभाग ने डीजीपी के प्रस्ताव को लौटाकर और अधिक ब्योरा मांगते हुए पूछा है कि इन केसों में प्रत्येक आरोपी अधिकारी की भूमिका क्या थी। परमबीर के अलावा डीसीपी और एसीपी भी आरोपी हैं। मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक लदी गाड़ी के जब्त होने और इस मामले में पुलिस अधिकारी सचिन वाझे की गिरफ्तारी के बाद परमबीर सिंह पर गाज गिरी थी। उन्हें मुंबई पुलिस कमिश्नर पद से हटाकर होम गार्ड विभाग में भेज दिया गया था। इसके बाद परमबीर सिंह ने तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों को होटल और बार मालिकों से उगाही का टारगे टदिया था। सीबीआई की ओर से केस दर्ज किए जाने के बाद अनिल देशमुख को भी इस्तीफा देना पड़ा था।

## खबर संक्षेप

### नमक घोटाला मामले में महेंद्र तिवारी को जमानत नहीं

**प्रयागराज।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज रमाकांत प्रसाद ने नमक घोटाला मामले में निरुद्ध महेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया अभियुक्त के अपराध को गंभीर करार दिया है। 11 अगस्त, 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना लखनऊ के हजरतगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक महेंद्र पर इस मामले के अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नमक सप्लाई का ठेका दिलाने के एवज में उनसे 6 करोड़ 6 लाख की ठगी का आरोप है। इस मामले में उसके अलावा मोंटी गुर्जर, एनके कन्नौजिया उर्फ आशीष राय (फर्जी अधिकारी संयुक्त सचिव), राघव (फर्जी अधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग), एसके अग्निहोत्री वित्त विभाग, रितुल जोशी, लोकेश मिश्रा, कलीम अहमद व अन्य को धारा 506, 471, 468, 467, 420, 419 व 120बी के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 व 13 के तहत नामजद किया गया था।

# सीबीआई पहुंची बाघंबरी मठ, सेवादारों से घंटों पूछताछ

**● सेवादार व रसोइए से लगातार 2 घंटे हुई पूछताछ ● मठ के अंदर सीबीआई के पहुंचते ही सभी के आने-जाने पर लगी रोक**

अखंड भारत संदेश





बाघंबरी मठ के अंदर पूछताछ करती सीबीआई टीम व मठ के बाहरी खड़ी सीबीआई व पुलिस का वाहन

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की रहस्यमय मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए सीबीआई की टीम शनिवार शाम 4 बजे बाघंबरी गद्दी मठ पहुंची। सीबीआई की टीम 4 बजे से शाम 7 बजे तक मठ के अंदर ही रही और केस की गहन छानबीन की। इस दौरान मठ के अंदर से किसी को न तो बाहर जाने दिया गया और न ही आने दिया गया। सभी के मोबाइल फोन भी जमा करा लिए गए।मीडिया को भी एक दायरे में ही रोक दिया गया था। मठ को चारो ओर से सुरक्षाबल ने घेर रखा था। तीन घंटे में सीबीआई ने भोजन बनाने वाले रसोईये व सेवादारों से गहन पूछताछ की।

**सीबीआई की टीम ने मठ के अंदर की पूछताछ**

शाम 4 बजे अल्लापुर स्थित श्री बाघंबरी गद्दी मठ तीन गाड़ियों से सीबीआई की टीम पहुंची। इस टीम में सीबीआई के आईजी विप्लव चौधरी व एएसपी केस नेगी शामिल रहे। सबसे पहले सीबीआई की टीम ने पूरे मठ का मौका मुआयना किया। एक-एक कमरे की छानबीन की। यहां तक की टीम मठ की छत तक भी गई। इसके बाद टीम ने कागज पर मठ का खाका खींचा।

**सीबीआई ने अभी तक नहीं खुलवाया पुलिस के द्वारा सील किया गया कमरा**

सीबीआई की टीम ने अभी तक नरेंद्र गिरि ने जिस कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या की थी उसको नहीं खुलवाया है। वह पुलिस ने सील कर रखा है। न ही शाम सात बजे तक सीन रिक्रिएशन किया जा सका है। माना जा रहा है कि सीबीआई रविवार को सीन रिक्रिएशन कर सकती है। फिलहाल सीबीआई ने मठ के चप्पे-चप्पे पर छानबीन की है।

**2 घंटे तक चली पूछताछ**

महंत की लाश को फंदे से उतारने का दावा करने वाले सेवादार सुमित सहित मठ के अन्य शिष्यों सीबीआई की टीम ने एक-एक कर पूछताछ की है। सबसे ज्यादा देर तक पूछताछ उस रसोईया से की गई, जोकि मठ का भोजन तैयार करता था और नरेंद्र गिरि को भोजन कराता था। पूछताछ के पीछे जो कारण बताया जा रहा है वह यह है कि जिस दिन नरेंद्र गिरि की मौत हुई थी उस दिन कमरे में सल्फास की एक डिब्बी पाई गई थी और कुछ गोलियां फर्श पर बिखरी पड़ी थी। सीबीआई इस बात को ध्यान में रखकर रसोइए से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने सेवादार बबलू, सुमित और धनंजय से भी अलग अलग करीब 2 घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई बबलू को अपने साथ लेकर महंत के उस कमरे के बाहर ले गई, जहां उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या की थी। सीबीआई की टीम ने मठ की पहली मंजिल पर बने कमरों, छतों और पार्किंग स्थल भी देखा।

**सीबीआई की 6 सदस्यीय टीम कर रही है महंत के मामले की जांच**

इससे पहले शनिवार सुबह पुलिस लाइन में एसआईटी ने केस डायरी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित केस से जुड़े सभी साक्ष हैंडओवर कर दिए हैं। सीबीआई की तरफ से इस चर्चित घटना के पदार्फाश के लिए छह सदस्यीय टीम का गठन किया है। 3 अफसर इसमें एक दिन पहले ही प्रयागराज पहुंच गए हैं। वे अब तक की जांच से जुड़े दस्तावेजों का परीक्षण कर रहे हैं। दूसरी टीम भी शनिवार को पहुंची है।

**पहले एसआईटी, फिर सीबीआई जांच की सिफारिश**

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि का शव 20 सितंबर को बाघंबरी गद्दी मठ के एक कमरे में पंखे के सहारे लटकता मिला था। पहले एसआईटी बनाई गई बाद में योगी सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी थी।

## आईटीआई कंपनी में भूतपूर्व सैनिक की मौत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईटीआई) में बीती रात सुरक्षा में तैनात एक भूतपूर्व सैनिक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक सराय इनायत थाना क्षेत्र के रमईपुर गांव निवासी अंबिका प्रसाद (41) सेना से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वह भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईटीआई) में बतौर सुरक्षा कर्मी के रूप में तैनात थे। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात्रि में उनकी ड्यूटी उक्त कंपनी के कंप्यूटर सेंटर के बाहर लगी हुई थी। बताया जाता है कि देर रात बाद बारिश के बीच जोरदार आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट भी हो रही थी। आशंका जताई जा रही है कि भूतपूर्व सैनिक बारिश और बिजली की गड़गड़ाहट से बचने के प्रयास में वह करेंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह होने पर साथी कर्मचारियों को जब जानकारी हुई तो मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया में करेंट लगने से मौत होने की आशंका जताई है। जबकि भूतपूर्व सैनिक की मौत कैसे हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही सत्यता सामने आ पाएगी। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में पलटा, चालक की मौत

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के मेजा खास नहर में अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार धरावल गांव निवासी छोटू आदिवासी (24) पुत्र भाई लाल अपनी आजिविका चलाने के लिए लक्षन के पूरा गांव निवासी गंगा प्रसाद पाण्डेय के यहां बतौर चालक रहा। शनिवार दोपहर वह मेजा बाजार की तरफ से अपने घर धरावल की ओर जा रहा था जैसे ही मेजा खास स्थित बेलन नहर के समीप पहुंचा ही था तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में जा पलटा जिसकी चपेट में आकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली अरूण कुमार चतुर्वेदी मौके पर पहुंच शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्ट मार्टम को भिजवा दिया। मौके पर पहुंचे परिजन शव को देख दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे परिजनों का रुद्र कुंदन देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई।

## महिलाओं को मिलना चाहिए उनका हक : शालिनी सिंह नागर



**नैनी।** आज की महिला किसी से कम नहीं है। महिला जब अपने पर आ जाएं तो, हर एक कार्यों को करने की क्षमता रखती हैं। वर्तमान दौर में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ भागीदारी करने में जुटी हैं। चाहे वह आकाश हो या पाताल हो या धरती पर कोई कार्य हो। प्रत्येक कार्यों को वह एक मिशन मान कर करती चली आ रही है। महिलाओं को कमजोर समझने वालों को आज की महिलाएं सीधे उन्हें टक्कर देने में जुटी हुई हैं। यह बातें नैनी कोतवाली में तैनात बतौर महिला सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह नागर ने क्षेत्र के मामा भांजा बाजार के समीप चक गरीबदास स्थित प्राथमिक पाठशाला में आयोजित मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रों व ग्रामीण अंचलों से आई महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। आगे उन्होंने महिलाओं को बताया कि उन्हें संविधान के तहत कई प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं। जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए। वर्तमान दौर में महिलाओं को उत्तर प्रदेश में काबीज सरकार की ओर से मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा के तहत पूरे प्रदेश भर में योजना को चलाकर उन्हें उनका हक दिया जा रहा है। साथ ही सरकार की ओर से दी जाने वाली महिलाओं को प्रत्येक जानकारी दी गई। ताकि किसी भी हक से महिलाओं को वंचित न रखा जा सके और वह अपने हक को प्राप्त कर उसका लाभ ले सकें। इतना ही नहीं महिला सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह नागर ने कानून के तहत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी सविस्तार महिलाओं को जानकारी दी। वहीं मौजूद महिलाओं व छात्रों ने महिला सब इंस्पेक्टर को फूल माला भेंट कर उनका जोरदार स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## फूलपुर विकास खण्ड में ट्राई साइकिल पाकर खुश हुए दिव्यांग



**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड में शनिवार को गरीब कल्याण दिवस के मौके पर दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने दिब्यागों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि दिब्यांगो को सहानुभूति की नहीं बल्कि सहयोग की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि फूलपुर ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि दिब्यांगजनो के लिए हमारी सरकार एक कदम आगे की सोच रखती है। उन्होंने कहा कि वो खुद उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं।इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी, सहायक विकास अधिकारी,एडीओ समाज कल्याण प्रकाश पटेल सहित ब्लाक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएससी पर हुआ राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का सीधा प्रसारण



**शंकरगढ़।** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन सहकार से समृद्धिह्ण का सजीव प्रसारण जनपद के 400 से अधिक सीएससी, जन सेवा केंद्रों पर किया गया। जिसे हजारों किसानों तथा स्थानीय लोगों को दिखाया गया। सीएससी के जिला प्रबंधक आशीष तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन देश का पहला सहकारी सम्मेलन है. यह भारत के इतिहास में पहला मौका है जब भारत की सभी प्रमुख सहकारी समितियों के प्रतिनिधि दिल्ली में एक साथ बड़े लक्ष्य को लेकर रोडमैप तैयार करेंगे, जिससे देश के किसानों व कृषि संबंधित व्यवसायियों को एक नई दिशा मिलेगी कार्यक्रम का शुभारंभ देश के गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री माननीय अमीत शाह ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा स्वागत भाषण ईफको के चेयरमैन बलविंदर सिंह नकई ने दिया, कार्यक्रम में कृभको, नैफेड, अमूल व सहकार भारती जैसी दिग्गज सहकारी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। शंकरगढ़ ब्लाक के कल्याणपुर गांव में पंचबन्धु कॉमन सर्विस सेंटर पर वीएलई संदीप सिंह द्वारा सैंकड़ो कृषकों तथा स्थानीय नागरिकों को राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन सहकार से समृद्धि गोष्ठी का सजीव प्रसारण कार्यक्रम दिखाया गया।

# गरीब कल्याण मेला : ब्लाक मुख्यालय पर स्टाल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

**कृषि यंत्रों, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन संग बांटा गया पोषाहार**



मेले में योजनाओं की जानकारी के साथ दिया गया लाभ

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार को ब्लाक मुख्यालयों पर गरीब कल्याण दिवस मनाया गया। इस मेले के जरिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनका लाभ भी प्रदान किया गया। मेले में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान जन आरोग्य मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने सेहत की जांच भी करवाई। इसी क्रम में यमुनापार के शंकरगढ़ में आयोजित मेले में आयुष्मान कार्ड, कृषि यंत्र, पीएम-सीएम आवास योजना, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन, पेंशन का वितरण किया गया। धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे पोषाहार बांटा गया।

शंकरगढ़ में मेले का शुभारंभ बारा विधायक डा. अजय कुमार ने किया। उन्होंने मेले के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। गरीब जन कल्याण मेले में गाढ़ा कटरा के नरेंद्र सिंह, सतपुरा के ज्ञानेंद्र सिंह, बिहरिया के रणजीत सिंह को सोलर पंप का प्रमाणपत्र बांटा गया। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदानकिया गया। विधायक बारा ने भी जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में शंकरगढ़ प्रमुख निर्मला देवी, बीडीओ अमित मिश्र, एडीओ (पंचायत) प्रभारी दीपेश सिंह, सचिव राजेंद्र मौर्य, बीज गोदाम प्रभारी तुलाराम यादव, मुकेश सिंह, अनिल कुमार, प्रधान संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, दिनेश कुमार,परमेश्वर सिंह,मंगलेश सिंह,पिंटू सिंह, उदयभान सिंह, सचिव राजेंद्र मौर्य, सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह, डा. संजय सिंह, अभिषेक सिंह,रोहित केसरवानी,राजू सिंह आदि मौजूद रहे। आयोजन का कुशल संचालन कुलदीप पाठक ने किया।

### जसरा में गरीब कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया दीन दयाल उपाध्याय का जन्मदिन



शिशुओं को पुष्टाहार खिलाते

**जसरा।** आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्म दिन को गरीब कल्याण दिवस के रूप में मना रहे हैं। उक्त बातें बारा विधायक डा०अजय कुमार ने जसरा विकास खंड सभागार में लोगों को संबोधित करते हुए कही। डा०अजय कुमार ने आंगनबाड़ी विभाग द्वारा गर्भवती महिला की गोद भराई एवं नवजात शिशुओं को बाल विकास द्वारा पुष्टाहार भी अपने हाथों से खिलाया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र विधायक व प्रमुख अजीत सिंह द्वारा वितरित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 6 महिलाओं को बैंक आफ बडौदा द्वारा सीसीएल ऋण भी ब्लाक प्रमुख के द्वारा प्रदान किया गया। जब कि विभिन्न विभागों जैसे सहकारिता, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत विभाग व पशु विभाग आदि सभी प्रकार के स्टॉल लगा कर लोगों को जागृत किया गया। इसी क्रम में आजीविका मिशन के महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद का भी स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में जसरा विकास खंड के तमाम जनमानस उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह व संचालन खंड विकास अधिकारी जसरा अमित मिश्र ने किया। कार्यक्रम का निरीक्षण करने के लिए कमिश्नर प्रयागराज संजय गोयल व सीडीओ प्रयागराज शीपू गिरी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार ए०के०सिंह, सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक,एडीओ गण रामपाल, राकेश सिंह, श्यामलाल तिवारी,जमालुद्दीन अंसारी,कमाल अहमद, जयवीर सिंह, नमिता सिंह,राजाबाबू सुपरी,रामानंद त्रिपाठी, मोहनलाल यादव,मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल,अशोक तिवारी,प्रीतम केसरवानी, बीरेंद्र पाठक,राजमणि पटेल, बच्चा मालवीय सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### गरीब कल्याण दिवस पर ब्लॉक परिसर में हुआ मेले का आयोजन




**सहसों।** नवसृजित विकास खण्ड सहसों के प्रांगण में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर गरीब कल्याण दिवस पर मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। जिसमें किसानों , गरीबों, मजदूरों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। जिससे उनके जीवन शैली में अपेक्षित सुधार हुआ है। वर्तमान समय में गरीबों को मुफ्त राशन, उज्जवला योजना तथा किसानों के लिए किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस के अवसर पर गरीब कल्याण मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में कहा। मौके पर उपस्थित ब्लाक प्रमुख गीता सिंह एवं भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा आम जनमानस एवं गरीबों के लिए भाजपा सरकार उत्थान एवं विकास के लिए कृत संकल्प है। इस अवसर पर आयोजित मेले में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों को नवीनतम जानकारी के लिए उपस्थित विशेषज्ञ द्वारा उनकी जिज्ञासाओं को समझते हुए दूर किया। इसके अलावा आजीविका मिशन, लघु सिंचाई विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वारा भी स्टाल लगाकर लोगों को जानकारी दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पांच उन्नतशील किसानों को मसूर के बीज का किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बोरिंग टेक्नीशियन अशोक पाल ने किया। इस मौके पर प्रभारी वीडियो निखिल मोहन ने मुख्य अतिथि सहित क्षेत्र से आए हुए किसानों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर शिव गोविंद, गिरजा शंकर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश सिंह, विक्रम प्रसाद सोनकर, समाजसेवी शिवनारायण सिंह गप्पू, प्रताप बहादुर सिंह, राम सजीवन, धनंजय पटेल, अशोक भारतीय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने सौंपा लाभार्थी महिला को प्रधान मंत्री आवास की चाभी

## करछना ब्लाक में आयोजित किसान कल्याण मेले में डी एम ने की शिरकत

**सूचना के अभाव में गरीब किसानो को नहीं मिल पाया सरकारी योजना का लाभ,प्रधानो नें जताया रोष**

**करछना।** विकास खंड करछना में शनिवार को गरीब किसान कल्याण मेले का आयोजन किया गया ,मेले में सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकारी मशीनरी द्वारा इस कल्याण कारी योजना की जानकारी गांव के प्रधानो से लेकर गांवो में गरीबों को जानकारी नहीं दी गई थी, जिससे प्रधानो ने कार्यक्रम के आयोजक के प्रति नाराजगी जाहिर की, किसान कल्याण मेले का उद्धघाटन डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री ने फीता काट कर किया। इस मौके पर डीएम ने गरीब महिलाओं को प्रधान मंत्री आवास की चाभी देकर उन्हे लाभान्वित किया और सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों के लिए कल्यण कारी योजनाओं की जानकारी दी । गरीब किसान कल्याण मेले में गरीबों के लिए बीमारियों से समबन्धित 60 लोगों को उनकी जांच कर निःशुल्क दवाऐ दी गई ।इसके अलावा मेले में वैक्सीनेसन शिविर व समूह की महिलाओं के द्वारा सब्जी उत्पादन की जानकारी, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन ,वृद्धा ,पेंशन के सौ से अधिक लोगों ने फार्म जमा कराया, आदि कयी जन कल्याण कारी स्टालो लगाये गये थे । इस मौके पर डीएम के अलावा एसडीएम करछना विनोद कुमार पाण्डेय ,खंड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आई एस बी रामेश्वरम प्रसाद सिंह, एडीओ समाज कल्याण विजय शंकर यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी,अल्प नारायण सिंह उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज के अध्यक्ष, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, राजकीय कृषि प्रभारी बीरेन्द्र कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शोभ नारायण द्विवेदी, अंजलि स्वयम सहायता समूह की अध्यक्ष, किरन सिंह, पार्वती देवी सहित कयी समूहों की महिलाओं ने अपनी सहभागिता कीऔर देर शाम तक दवाओं के स्टालो पर भीड़ जुटी रही।

### डीएम ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर प्रदेश सरकार के आदेश पर जगह जगह गरीब कल्याण मेला का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे मेजा ब्लॉक मे आयोजित गरीब कल्याण मेला मे जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री पहुंचे। जिलाधिकारी ने गरीब कल्याण मेले में पहुंचते ही सर्वप्रथम वहां मौजूद लोगों को मास्क लगाने के लिए आग्रह किया। जिलाधिकारी ने जयंती समारोह कार्यक्रम मे सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गरीब कल्याण मेला, उज्जवला योजना सहित दर्जनों योजनाओं का बारीकी से जांच किया और जांच में वह संतुष्ट दिखे। गरीब कल्याण मेले को सफल बनाने को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों सहित वहां उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक मेजा नीलम करवरिया रहीं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गायत्री देवी मिश्रा एवं प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र मौजूद रहे। गरीब कल्याण मेला मे उपस्थित गरीबों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह, खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी, ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पनासा में बूथ सेक्टर प्रभारियों से उज्वल रमण सिंह ने चुनाव पर की चर्चा

**करछना।** शनिवार को ग्राम पंचायत पनासा में पंडित ऋखेश्वर तिवारी के यहां सपा के बूथ कमेटी एवं सेक्टर प्रभारी की बैठक आयोजित की गई है जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक उज्जवल रमण सिंह ने बूथ के सेक्टर प्रभारियो को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर करछना क्षेत्र को एक माडल के रूपमें विकसित करेंगे साथ ही वर्षो से बंद पड़े पावर प्लांट कचरी का निर्माण कराया जायेगा जिसमें करछना के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेगा । उन्होंने कहा कि वर्तमान में करछना क्षेत्र की सडकों की हालत बहुत खराब हो गयी है, भाजपा विकास कार्य बदले की भावना से कर रही हैं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेश्वर पांडे ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी। जिला पंचायत सदस्य डाक्टर विजय बाबू यादव, ओपी सिंह पटेल,सुरेश चंद्र सेक्टर प्रभारी पनासा संतोष पांडेय, धीरेन्द्र पान्ड एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता क्षेत्र के गणमान्य लोग रहे।

# धूमधाम से मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की 105वीं जयंती

अखंड भारत संदेश



पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर मुख्य अतिथि सांसद रीता जोशी का स्वागत करते

**भाजपा सरकार में हर तबके के लोगों का हुवा विकास : सांसद प्रो0 रीता जोशी**

**मंच पर उपस्थित पदाधिकारियों को हल, दीनदयाल की प्रतिमा व अंगवस्त्रम से आशीष मिश्रा ने किया सम्मानित**

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा विधानसभा क्षेत्र के गायत्री पैलेस दशमी बाग नगरपंचायत सिरसा मे आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय की 105वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने किया। इस मौके पर मंच पर उपस्थित सांसद के साथ नेताओं का आशीष मिश्रा उर्फ मुन्ना भईया ने अंगवस्त्रम, हल व दीनदयाल की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानववाद के प्रणेता थे। भारतीय जनता पार्टी में हर तबके के लोगों का विकास हुआ। गरीबों, किसानों को हर सुविधाएं पहुंचाई गई। महिलाओं को उनका सम्मान व हक मिला। आशीष मिश्रा मुन्ना भईया ने कार्यक्रम मे क्षेत्रीय जनता का अभिवादन किया। मुन्ना भईया ने कहा कि यह मंच भाजपा ही नही बल्कि हर समुदाय का मंच है। आज का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक पल है। पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों के हित में जो कार्य किया वह काबिल-ए-तारीफ है। मंच का संचालन प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे लोक सेवा आयोग के प्रो. के.बी. पांडे व नरेन्द्र देव पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीपप्रज्वलन कर किया। आयोजक मंडल सहित अन्य अतिथियों ने मुख्य अतिथि को विशाल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री बीना मिश्रा, यूवा नेता शिवा पांडेय ,सर्वेश बाबा तिवारी, राजू शुक्ल, लखन केशरी, चुन्ने खान, नीरज द्विवेदी, निकेतन तिवारी, कविता, अखिलेश मिश्रा, शंकर लाल केशरी, कामेश्वर पटेल, कपिल तिवारी, सपना निषाद,रतन केशरी पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष सिरसा,संजय केशरी,शुशील केशरी,मुकेश केशरी,कल्लू केशरी पुस्तक भण्डार सिरसा आदि सैकड़ों भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आशीष मिश्रा मुन्ना ने कहा यह मंच भाजपा ही नही बल्कि हर समुदाय का मंच है। मुन्ना भईया के इस तरह के आचरण से लोगों में खुशी दौड़ गई कार्यक्रम में उपस्थित हर कार्यकर्ता और जनसमूह ने मुन्ना भईया की प्रशंसा किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की कांग्रेसियों ने की पिटाई, सांसद की तोड़ी गाड़ी

## सांगीपुर में गरीब कल्याण मेला बना जंग का अखाड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** जिले के लालगंज तहसील के सांगीपुर ब्लाक में आयोजित गरीब कल्याण मेला आज भाजपा और कांग्रेस के बीच टकराव का स्थल बन गया जहां भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नारेबाजी, मारपीट तथा सांसद की गाड़ी तोड़ने की घटना हुई। इस घटना से पूरा ब्लाक के मेले में अफरा-तफरी मच गई। सांसद के साथ गये भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय को गिराकर लात-घूसों से पिटाई की गई। इस घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा रोष है। सांसद और उनके समर्थक जान बचाकर ब्लाक से निकल गये।

घटना के बारे में बताया जाता है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पूरे जिले के ब्लाकों में गरीब कल्याण मेला आयोजित किया गया था। सांगीपुर ब्लाक कार्यक्रम में भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने पहुंचे तो वहां पहले से ही प्रमोद तिवारी व मोना के समर्थक



मौजूद थे जिन्होंने सांसद के विरुद्ध टोका-टोकी शुरु की। इस पर भाजपा सांसद के साथ गये भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय ने आपत्ति की तो बात बढ़ गई और फिर दोनों तरफ से जबरदस्त नारेबाजी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ओम प्रकाश पाण्डेय को दौड़ाकर पकड़ लिया और फिर उसकी लात-घूसों से पिटाई की।

सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह छुड़ाया तो उनकी जान बची। सांसद और भाजपा समर्थक वहां से जान बचाकर निकल गये। सांसद के साथ दुर्व्यवहार और भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई और उनकी गाड़ी तोड़ने की घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पूरे जिले में इस घटना की जबरदस्त चर्चा है। भाजपा नेता जहां इसकी निंदा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ब्लाक के मेले में अव्यवस्था फैलाने के लिये सांसद और उनके कार्यकर्ता जिम्मेदार हैं। बहरहाल भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह टकराव चुनाव के छह महीने पहले से शुरु हो गया है।



# जुमई खां आजाद के सुपुत्र को कांग्रेस ने सौंपी आर्थिक सहायता

**घर की हालत खराब होने पर प्रतिनिधिमण्डल ने की मदद**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने प्रतिनिधि संदीप सिंह, प्रतापगढ़ सदर प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा को गोबरी ग्रामसभा निवासी अंतर्राष्ट्रीय कवि अवधी रसखान स्व.जुमई खां आज़ाद के घर की हालत खराब होने की सूचना पर भेजकर 50 हजार रुपये उनके सुपुत्र मुर्तजा को देकर आर्थिक सहायता की।

उनके पुत्र मुर्तजा जाफरी ने भाव विभोर होकर नेता प्रमोद तिवारी का स्मरण किया और कहा कि उन्होंने हमारे गांव का मकान बनवाया और पिताजी को अनेक बार आर्थिक सहायता दिलाई एवं भरपूर मदद किया जिन्हें हम लोग कभी भूल नहीं सकते हैं। प्रतापगढ़ सदर विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बताया स्व. जुमई खान आजाद अवधि के सशक्त हस्ताक्षर थे उनकी रचनाएं आज भी जीवंत हैं। इस दौरान मुर्तजा जाफरी ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सड़वा चंडिका के अध्यक्ष मोनू मिश्रा, गोबरी न्याय पंचायत के अध्यक्ष सूरज शुक्ला, गोबरी ग्रामसभा के अध्यक्ष बंटी पाण्डेय, विकास शुक्ला, शिवम पाण्डेय, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, नूर आलम, देवमणि पांडेय उपस्थित रहे।

## महेन्द्र शुक्ल के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बिबिया करनपुर निवासी पूर्व प्रधान कांग्रेस कार्यकर्ता महेंद्र शुक्ल का कल रात लखनऊ स्थित मेडिकल कालेज में निधन हो गया। वे पिछले तीन दिनों से वहां भर्ती थे। उनके निधन की सूचना प्राप्त होने पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा में वक्ताओं ने स्व0 महेंद्र शुक्ल के व्यक्तित्व व किये गए कार्यों की चर्चा की। जिला अध्यक्ष डॉ0त्रिपाठी ने कहा कि वे नेक, वेहद ईमानदार, परिश्रमी व कांग्रेस के जुझारू कार्यकर्ता थे। उनके जाने से हमसब को छति पहुंची है। इस अवसर पर जुटे कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में मुख्य रूप से डॉ0 नीरज त्रिपाठी, डा0वी0के0सिंह, इरफान अली, वेदांत तिवारी, उत्सव भूषण, गल्ली तिवारी, नूर आलम, अजीत प्रताप सिंह सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कोविड टीकाकरण का मेगा कैम्प कल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 27 सितंबर दिन सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल पुराना माल गोदाम में लगने वाले कोविड मेगा टीकाकरण कैम्प को सफल बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी का कार्यालय में हुई बैठक में शामिल रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल के साथ कई अहम फैसले लिये गये जिसमें इस दिन को उत्सव की तरह मनाने के साथ ही टीम बनाकर सभी को उस दिन के काम की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में रोटरी उपाध्यक्ष अश्विनी केसरवानी ने कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है।

# सांसद विनोद सोनकर ने महिला को सौंपी प्रधानमंत्री आवास की चाभी




**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर गरीब कल्याण दिवस पर मेला शासन के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार के निर्देश पर शनिवार को कालाकांकर ब्लाक मुख्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया।

**कालाकांकर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित हुआ मेला**

इस दौरान भाजपा सांसद विनोद सोनकर ने प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला को प्रधानमंत्री आवास की चाभी दिया। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कल्याणकारी योजना का सभी लाभ उठायें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर गरीब कल्याण मेला का आयोजन प्रधान मंत्री ने शुरू किया है ताकि लोग योजना का लाभ पा सके। खण्ड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी ने गरीबो के कल्याण हेतु गरीब कल्याण मेला के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जानकारी दी, जिसमें गरीबो के कल्याण हेतु जन आरोग्य मेला, ऋण वितरण ,कृषि संयंत्रों, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, उज्वला योजना पेंशन, शादी अनुदान, राशन कार्ड, आदि की योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें सभी कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगे रहे। भाजपा जिला महामंत्री सतीश चौरसिया ने कहा कि गरीब कल्याण मेला का आयोजन दो अक्टूबर तक सभी ब्लाकों में लगेगा। इस अवसर पर शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पवन गौतम, एडीओ आइएसबी यू बी सिंह, आर बी कुशवाहा, डॉ मनोज वर्मा चिकित्सा प्रभारी पंचायत मंत्री ब्यास कुमार मौर्य, संदीप, विजय कुमार शुक्ला, विजय तिवारी, अमृता प्रजापति, कमलेश सोनकर, सरोज त्रिपाठी, शोहराब अहमद अल्पसंख्यक, सुनील कुमार समाज कल्याण, सियाराम चौरसिया खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे। कालाकांकर ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज व्यस्तता के चलते नहीं पहुच सके।

## प्रदर्शनी में रानीगंज विधायक ने सरकार की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती को गरीब कल्याण दिवस के रूप में मनाते हुए रानीगंज विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड शिवगढ़ एवं गौरा में आयोजित कैम्प/प्रदर्शनी/मेले का अंत्योदय की संकल्पना एवं एकात्म मानव दर्शन की संकल्पना के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत सैकड़ो लाभार्थियों को उपकरण, खाद्यान्न, कृषि बीज एवं इलेक्ट्रॉनिक चाक व प्रमाणपत्र वितरित कर सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं हम जैसे करोणों कार्यकर्ताओं के आदर्श पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन उत्थान पर समर्पित कर दिया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गौरा बृजेश पटेल, ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा, निवर्तमान प्रमुख गौरा राकेश सरोज, सीवीओ वी.पी.सिंह, बीडीओ शिवगढ़ जी.डी.शुक्ल, बीडीओ गौरा जितेंद्र यादव, प्रतिनिधि नीरज ओझा व शिवम ओझा, पूर्व प्रमुख गौरा वेद प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद शुक्ल ने किया।

## 2024 तक सभी घरों तक नल से जल होगा उपलब्धः सांसद

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** जब देश के हर परिवार को स्वच्छ जल नल से उपलब्ध होगा तो कोई भी परिवार बीमार नही होगा। 2024 तक भारत देश के सभी परिवारों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलेगा। उक्त बातें शनिवार को कालाकांकर, बाबागंज में आयोजित गरीब कल्याण मेला में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी सांसद/राष्ट्रीय सचिव भाजपा/सभापति संसदीय आचार समिति एवं प्रभारी त्रिपुरा विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि आज गरीब कल्याण मेला से क्षेत्र के लोगो को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार की योजनाओं से वंचित परिवार को सरकार लाभ दे रही है।



## गरीब कल्याण दिवस पर मानधाता ब्लाक में लगी प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** गरीब कल्याण दिवस पर मान्धाता ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गई प्रदर्शनी में खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में बेसिक शिक्षा विभाग प्रतापगढ़ के द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी जिसमें बच्चों के द्वारा बनाया गया स्मार्ट स्कूल का मॉडल सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मुहम्मद फरहीम को मान्धाता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ आर के वर्मा के समक्ष छात्रा शुभांगी सिंह, आस्था सिंह, भावना शुक्ला, ऋषि अग्रहरि ने स्मार्ट स्कूल मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। इस पर विधायक सहित वहां उपस्थित सभी विशिष्ट जनों ने बच्चों की क्रियाशीलता की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह नवीन, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, डी पी आर ओ, ए डी ओ पंचायत सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान, बीडीसी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से करता रहा दुराचार, रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक नाबालिक से एक युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पट्टी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार व जान से मारने की धमकी पाक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेलारामपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी के साथ गांव के रहने वाले संदीप चौरसिया ने शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर दुराचार किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता की माँ ने कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ शिकायत किया तो पुलिस ने दुराचार तथा पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया।

# पत्नी ने ही कराई थी अपने पति की हत्या, छह गिरफ्तार

## पुलिस ने किया घटना का अनावरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 18 सितम्बर 2021 को दिन में थाना क्षेत्र मानिकपुर के ग्राम सुनियावां के छोटी नहर में एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त कन्हैया सरोज उर्फ रमाशंकर पुत्र मनीराम सरोज नि0 दिखतन का पुरवा, कोर्रही थाना बाघराय के रुप में हुई थी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की लिखित तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम मे विवेचना/साक्ष्य संकलन दौरान छह व्यक्तियों का नाम प्रकाश में आया। थानाध्यक्ष हथिगवां उ0नि0 दूधनाथ सिंह यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित सभी अभियुक्तों को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोविंदा सरोज (मृतक का साला) पुत्र दूधनाथ नि0 देवरपट्टी, बिहार हवेली थाना बाघराय, डब्लू सरोज पुत्र राम चन्द्र सरोज नि0 मन्सूराबाद थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज, मोहित कुमार पुत्र रामकरन हरिजन नि0 मन्सूराबाद थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज, नदीम पुत्र मो0 सलीम नि0 भिन्डारा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज, शिवकुमार उर्फ शिवा पुत्र फोटो हरिजन नि0 मन्सूराबाद थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज व सपना सरोज (मृतक की पत्नी) पत्नी स्व0 कन्हैया सरोज नि0 दिखतन का पुरवा, मजरे कोर्रही थाना बाघराय शामिल रहे। इनके पास से घटना में प्रयुक्त की गयी एक नायलान की रस्सी व घटना से सम्बन्धित एक जोड़ी सोने का झुमका (कीमत लगभग 35000 रु0) बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्ता सपना सरोज (मृतक की पत्नी) ने पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में बताया कि मेरे पति नशे के आदी थे, जो चरस, गांजा, भांग आदि का नशा करते थे, उसके बाद मुझे तथा मेरे बच्चों को मारते-पीटते थे। इसी कारणवश मैंने अपने भाई गोविंदा के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने की योजना बनायी। 15 सितम्बर को मेरा भाई अपने चार अन्य साथियों को लेकर मेरे घर आया और बताया कि ये लोग हमारा काम कर देंगे। मैंने इस काम के बदले में उन लोगों को अपना एक जोड़ी झुमका (जिसकी कीमत लगभग 35000 रु0) दे दिया। उनके द्वारा बताया गया कि रात में आठ बजे अपने पति को कोर्रही में रोड पर मंदिर के पास किसी बहाने से भेज देना। मैंने अपने पति को रात में आठ बजे यह कहकर भेज दिया कि मेरा भाई नशे का सामान लेकर आ रहा है, रोड पर मंदिर के पास से जाकर ले लो। मेरे पति के वहा जाने के बाद उन सभी लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से मेरे पति की हत्या कर दी और शव को ग्राम सुनियावां के छोटी नहर में फेंक दिया।

## सदस्यता अभियान पर जोर दें कार्यकर्ता : राम अचल

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की मासिक बैठक प्रताप सदन में जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला महासचिव राजकुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह लाल साहब रहे।बैठक में अध्यक्ष राम अचल वर्मा द्वारा सदस्यता अभियान पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं समस्याओं का समाधान भी किया गया। बैठक के अंत में पूव प्रधान महेन्द्र शुक्ला के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में प्रधान महासचिव शिवेन्द्र सिंह मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, जिला सचिव संतोष द्विवेदी, राम समुझ तिवारी, अशोक सिंह, उप सचिव गम्मज तिवारी, शैलेश सिंह शैलू, विवेक सिंह, राम प्रसाद सिंह, प्रवीण चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ, वंदना उपाध्याय जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, दिनेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, जेपी श्रीवास्तव रीगन जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ, भानु प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, प्रशांत गुप्ता जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, विनय सिंह नगर अध्यक्ष, कृष्ण कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बैटरी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने दो वारंटी को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/पट्टी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर दिये जा रहे निर्देश के क्रम में थाना मांधाता पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के पूरे अजमेरशाह रेलवे क्रासिंग के पास दो व्यक्तियों को चोरी की दो अदद बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि ये दोनों बैट्री हम दोनों ने मिलकर जेठवारा से चोरी की थी, जिसे आज बेचने जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक कुमार पुत्र राम सजीवन नि0 हैंसी परजी थाना मांधाता व मोहित कुमार पुत्र सभापति नि0 हैंसी परजी थाना मांधाता शामिल हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 राकेश चौरसिया व आरक्षी राम किशन राणा थाना मांधाता शामिल रहे। पट्टी प्रतिनिधि के अनुसार उधर मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे बसन गांव के रहने वाले सुनील और अनिल कुछ दिन पहले मारपीट के मामले में आरोपी बनाए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद चार्जशीट न्यायालय भेजा। न्यायालय ने इस संबंध में आरोपियों को समन भेजकर न्यायालय बुलवाया। उसके बाद एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपी अनिल तथा सुनील को शनिवार को गिरफ्तार किया।

## चार जुआड़ी पुलिस की गिरफ्त में

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज उपनिरीक्षक मो0 इबरार अंसारी ने मुखबिर की सूचना पर अपने हमराही के साथ परियावां रेलवे ट्रैक के दक्षिण छोर पर सुबेदार का पुरवा परसई में आम के बाग में जुआ खेल रहे चार अभियुक्तों को धर दबोचा जिनके पास मौके पर 2300 रुपया नकद व जामा तलाशी में छह सौ रुपया व ताश के 52 पत्ते बरामद किया जिनकी लिखा पढ़ी की गई।

## बीएसए के खिलाफ शिक्षक संघ का 29 से अनिश्चितकालीन धरना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चयनित वेतनमान स्वीकृत न होने से खफा प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को शिक्षक संघ ने बीएसए को दिए ज्ञापन में 28 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। 29 से उनके कार्यालय पर अनवरत धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। बता दें कि चयनित वेतनमान और शिक्षकों की अन्य समस्याओं को लेकर संघ ने 22 सितंबर को बीएसए दफ्तर में धरना दिया था। डीएम को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया था। जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल का कहना है कि अभी तक चयन वेतनमान स्वीकृत नहीं हुआ है। मंत्री विनय सिंह ने कहा कि इससे बीएसए की हठधर्मिता दिखाई देती है।

## खबर संक्षेप

### भरवारी सुलभ शौचालय बना गंदगी का अड्डा व बीमारी का घर

**भरवारी कौशाम्बी।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गए सार्वजनिक शौचालय अवस्था के भेट चढ़ गए हैं कर्मचारियों की तैनाती के बाद भी साफ सफाई नहीं होती है शौचालय से उठने वाली दुर्गंध से आसपास के लोगों का जीना हराम है शौचालय में व्याप्त गंदगी के चलते अब वह उपयोग लायक नहीं रह गया है लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इस ओर गंभीर नहीं है। नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप में नगर पालिका की तरफ से यात्रियों की सुबिधा के लिए लाखो खर्च कर सुलभ शौचालय बनवाया गया था जिसमे साफ सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारी नियुक्त किया गया परंतु सफाई कर्मचारी नियुक्त होने के बाद भी शौचालय की सफाई नही होती है जिससे शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है जिससे लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है। शौचालय में अधिक गंदगी होने के बाद भी अधिशाषी अधिकारी द्वारा नियुक्त सफाई कर्मचारी की नकेल नही कसी जाती है जिससे सफाई कर्मी बेलगाम है सफाई कर्मी द्वारा सार्वजनिक शौचालय की सफाई न किये जाने पर उस पर कार्यवाही करने से आखिर क्यों हीला हवाली हो रही है। लोगो ने अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि उक्त कर्मचारी को निलंबित करके साफ सफाई करवाने की व्यस्वस्था सुनिश्चित करें।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा निवासी दिलीप उम्र 32 वर्ष पुत्र राम लाल की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है तालाब में डूबने से युवक की मौत की जानकारी मिलते हैं गांव के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए हैं सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है और युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक सवार गिरा, गंभीर

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अंतर्गत वार्ड न 5 में एक बाइक सवार सड़क खराब की वजह से गड्ढे में गिर गया जिससे उसके सिर में चोट लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गिट्टी की वजह से आए दिन हादसे होते रहते है और नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट खराब है इसकी वजह से गिट्टी दिखाई नही देती और लोग गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे है। जानकारी के मुताबिक अमित पाल पुत्र देवराज पाल निवासी शेखपुर रसूलपुर चायल शुक्रवार की देर शाम बाइक से अपने घर जा रहा था। भारत पेट्रोलियम के पास बाइक सवार पहुंचा तो वह बाइक समेत गड्ढे में गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से वह घायल हो गया ।

# बारिश से गिरी दीवार गृह स्वामी की दबकर मौत

अखंड भारत संदेश

**टेडीमोड कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजाद पुर गांव में तेज बारिश के बाद एक दलित के घर की दीवार गृह स्वामी के ऊपर गिर गई है जिससे दीवार के मलबे में दबकर गृह स्वामी की मौत हो गई है परिवार के अन्य सदस्य इस हादसे में बच गए हैं घटना को 12 घंटे बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर आला अधिकारी और सांसद विधायक नहीं पहुंचे हैं जिससे इनकी संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है 12 घंटे बाद भी दलित मृतक के घर आर्थिक सहायता पहुंचाने का प्रयास प्रशासन ने नहीं किया है गृहस्वामी की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत शहजाद पुर गांव निवासी रमेश कुमार सरोज उम्र 55 वर्ष पुत्र रामखेलावन पासी मजदूरी करके परिजनों का जीविकोपार्जन करता था बीती रात वह अपने पोते अमर 7 वर्ष पुत्र कमलेश को लेकर घर के कमरे में सो रहा था रात में तेज बारिश होने लगी आसमान से बिजली कड़कने लगी परिजन कुछ समझ पाते कि उसके पहले ही इसी बीच अचानक रमेश के घर की दीवाल भरभरा कर उसके ऊपर गिर गयी रमेश दीवाल के मलबे के नीचे दब गया आनन-फानन में परिजनों ने मलवा हटाकर रमेश को दीवाल के नीचे से बाहर निकाला और इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने रमेश की मौत की पुष्टि कर दी है रमेश की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया रमेश अपने पीछे पत्नी धनपतिया 52 वर्ष पुत्र कमलेश 28 वर्ष कमलेश की पत्नी 25 वर्ष बेटा चौबे सागर उम्र 20 रूपेश कुमार उम्र 17 वर्ष भुल्लू उम्र 15 वर्ष और बेटी कोमल 13 वर्ष को रोते बिलखते छोड़कर चला गया है गृहस्वामी की मौत हो जाने से परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है गरीब के घर मौत होने के बाद जिला प्रशासन के मृतक के परिजनों के घर आर्थिक सहायता लेकर नहीं पहुंच सका है वहीं स्थानीय सांसद विधायक और उनके प्रतिनिधि दलित मृतक के घर सांत्वना देने नहीं पहुंचे हैं दलित गरीब के घर सांसद विधायक द्वारा आर्थिक मदद दिए जाने की बात तो बकवास साबित हुई है।





बारिश से भरभरा कर गिरी दीवार का दृश्य व मौत के बाद घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीण

### प्रधानमंत्री आवास में धांधली करने वाले भी रमेश की मौत के गुनहगार!

**टेडीमोड कौशांबी।** बारिश के चलते शहजादपुर गांव में दलित रमेश सरोज की घर की दीवाल में दबकर मौत होने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना की हकीकत खुलकर फिर एक बार सामने आई है यदि पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सच्चाई में मिला होता तो रमेश सरोज के पास पक्का घर होता और बारिश में उसकी दीवाल ना गिरती जिससे उसकी मौत ना होती कई बार प्रधानमंत्री आवास की मांग रमेश सरोज ने ग्राम प्रधान से लेकर जिला प्रशासन तक किया था लेकिन भ्रष्टाचार के इस युग में गरीब रमेश की आवाज दब कर रह गई है कच्चा घर होने के बाद भी रमेश को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल सका है रमेश की मौत के मामले में प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली करने वाले जिम्मेदार भी उसकी मौत के गुनहगार हैं क्या पीएम आवास में धांधली करने वाले इन गुनाहगारों को जिलाधिकारी दंडित करेंगे या फिर सब कुछ अंधेर नगरी चौपट राजा की तरह कौशांबी में चलता रहेगा(

## अषाढा चौकी इंचार्ज ने फिर की पुलिस वर्दी कलंकित

### अवैध निर्माण करने वाले को खुलेआम संरक्षण देकर विवादित जमीन पर मौके पर मौजूद रहकर निर्माण करा रहे हैं चौकी इंचार्ज



**कौशांबी।** पुलिस महकमे में कुछ पुलिस वालों की वजह से पुलिस वर्दी शर्मसार हो रही है ताजा मामला फिर पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा पुलिस चौकी इंचार्ज का सामने आया है जहां चौकी इंचार्ज ने पुलिस वर्दी को शर्मसार करते हुए धना दोहन कर पार्टी बंदी पर उतर आए हैं चौकी इंचार्ज अवैध निर्माण करने वाले को खुलेआम संरक्षण देकर विवादित जमीन पर मौके पर मौजूद रहकर निर्माण करा रहे हैं चौकी इंचार्ज के इस कारनामे से पुलिस वर्दी फिर शर्मसार हो रही है पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज अषाढा को जमकर फटकार लगाई है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नसरुल्ला पुर गांव निवासी राम अवतार के तीन बेटे महावीर गोलकाई और बच्चा लाल है महावीर का परिवार रोजीरोटी के सिलसिले में अपना मकान छोड़कर बाहर रहने लगे थे देखरेख के आभाव में मकान खंडहर हो गया बच्चा लाल के बेटे ननका ज्ञानचंद फूलचंद शिवचन्द्र की नियत खराब हो गई और वह महावीर के बेटे देशराज और हंसराज के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने लगे देशराज हंसराज ने मामले में विरोध किया और शासन प्रशासन पुलिस अधिकारियों समेत अषाढा पुलिस को शिकायती पत्र देकर मदद मांगी मामले का मुकदमा भी सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी के न्यायालय में विचाराधीन है पहले तो चौकी इंचार्ज ने देशराज और हंसराज को आश्वासन दिया कि वह निर्माण नहीं होने देंगे लेकिन जब ज्ञान चंद आदि के पक्ष से मोटी रकम चौकी इंचार्ज को मिल गई तो उन्होंने विवादित भूमि पर मौजूद रहकर मकान का निर्माण करा दिया पार्टी बंदी कर चौकी इंचार्ज के मकान निर्माण कराने से एक बार फिर पुलिस वर्दी शर्मसार हुई है पुलिस वर्दी को कलंकित कर धन वसूली करने वाले चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग पीड़ित परिजनों ने की है।

# एक हत्याभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

### गुरुवार की रात 8:00 बजे मनौरी बाजार में चाकुओं से वार कर नितिन केसरवानी को उतारा गया था मौत के घाट



हत्यारा अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**कौशाम्बी।** मनौरी बाजार में गुरुवार की रात 8:00 बजे नितिन केसरवानी पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने वाले हत्या अभियुक्तों में एक हत्याभियुक्त को पिपरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है दूसरे अभियुक्त की तलाश पुलिस कर रही है।

घटनाक्रम के मुताबिक महमूदपुर मनौरी थाना पिपरी में नितिन केशरवानी उर्फ छोटू पुत्र श्रीराम केशरवानी को अभियुक्त गण मंगल साहू पुत्र बचानी साहू निवासी तकीगंज मनौरी थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज व सुनील कुमार उर्फ लाम्हा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सोनी निवासी मर्दानपुर थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज द्वारा पैसे की लेन देन को लेकर हुये लड़ाई झगड़े के बात को लेकर चाकू से वार करके हत्या कर दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 232/21 धारा 302 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया था दिनांक 25 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त गणो की गिरफ्तारी हेतु तथा अपराध एवं अपराधियो के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्वेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना पिपरी द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गुगवा की बाग चायल से पुरमुफ्ती रोड पर अभियुक्त मंगल साहू पुत्र बचानी साहू निवासी तकीगंज मनौरी थाना पुरामुफ्ती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# भाजपा ने शिक्षकों के साथ धोखा किया : मान सिंह यादव

अखंड भारत संदेश

### समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम बूथवार शिक्षकों की भूमिका- संवाद से समाधान की ओर के तीसरे दिन डॉ मानसिंह यादव ने कौशाम्बी में शिक्षकों को किया सम्बोधित

### शिक्षक सभा के जिला उपाध्यक्ष बनाये गए सैय्यद मो फैसल हसन



कार्यक्रम में एमएलसी मानसिंह यादव का स्वागत करते सपा नेता

**अझुवा कौशाम्बी।** समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमह्व बूथवार शिक्षकों की भूमिका -संवाद से समाधान की ओर के तीसरे दिन आज कौशाम्बी जिले में हजारों की संख्या में मौजूद शिक्षकों, शिक्षा मित्रों को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानपरिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षकों को धोखा देने का काम किया उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा मित्रों की नौकरी छीन कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। शिक्षा मित्रों, वित्त विहीन शिक्षकों, अनुदेशकों, प्रेरकों का परिवार भुखमरी झेल रहा है।हताशा में हजारों की संख्या में शिक्षा मित्रों ने आत्महत्या कर ली है।2022 के चुनाव में शिक्षा मित्र, शिक्षक, प्रेरक,वित्त विहीन शिक्षक,अनुदेशक सहित प्रदेश की जनता भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का काम करेगी। सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मान सिंह यादव के नेतृत्व मे किये जा रहे प्रदेश व्यापी इस कार्यक्रम के सह प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ सुरेश यादव ने भदोही और डॉ कमलेश कुमार यादव ने भी इटावा जिले में कार्यक्रम कर कहा कि शिक्षक, कर्मचारी, बेरोजगार, किसान, नौजवान सहित सभी वर्गों का हित केवल समाजवादी पार्टी में ही सुरक्षित है।इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षक नेता अशोक राठौर ,रईस अहमद, खड्ग सिंह पटेल, रत्नाकर सिंह, उदय सिंह यादव ,कुशल सिंह पटेल, राकेश पटेल, भोला, श्रीमती आस्था पटेल, चंद्र जीत यादव, शैलेन्द्र पटेल,धनपत सिंह, चरण सिंह, चतुर सिंह रज्जन सिंह,शंकर लाल, मुकतेश यादव, कुलदीप यादव, शिव मूरत कनौजिया, अनिल श्रीवास्तव, हीरा लाल लोधी, अभिमन्यु सिंह, शिव प्रकाश विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, हाजी ओबैस ,राजेश चौधरी, अनवर,श्रीमती तलत,नीलेश शाहू, फैशल हसन, मो महफूज, आवेश खान, ज्ञान दत्त यादव, लक्ष्मी पटेल, देवेश चौधरी,तिलक सिंह पटेल ओमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे उक्त जानकारी दान बहादुर मधुर प्रवक्ता सपा ने दी है।

# नौजवानों की नौकरी खा गई भाजपा सरकार : सपा

अखंड भारत संदेश

### सेक्टर प्रभारी व बूथ रक्षक सदस्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



बैठक में उपस्थित सपा नेता

**चायल कौशाम्बी।** समाजवादी युवजन सभा के सेक्टर प्रभारी व बूथ सदस्यों की समीक्षा बैठक सराय अकिल के एक गेस्ट हाऊस में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव जमीरउद्दीन हाशमी उपस्थिति रहे तीनों विधानसभा की बैठक में समाजवादी युवजन सभा के नौजवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले जिला अध्यक्ष चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में हुई। चायल विधान सभा के सराय अकिल के एक वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि जमीरउद्दीन हाशमी ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नौजवान की नौकरी भाजपा सरकार खा गयी है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जितने भी वादे किये थे एक भी वादा विकास के नाम पर पूरा नही हुआ है सिर्फ नाम बदलने की कला में योगी सरकार माहिर है उन्होंने सेक्टर व बूथ स्तर पर किस तरह कार्य किया जाए इस संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी है। कार्यक्रम में मोहम्मद इमरान मोहम्मद साकिब शेख कपूर यादव दिनेश सरोज शैलेंद्र प्रधान अमरीश दिवाकर मोहम्मद सलमान सुनील यादव राम शरन शैलेंद्र सरोज चंद्रशेखर सरोज अज्जू सानू प्रधान,वसीम अहमद, महेताब ओमप्रकाश यादव मो0 अल्तमस जे के यादव रोहित यादव सत्यम मिश्रा प्रवीण कुमार यादव मो0 कौशर सुंदरम पांडेय वीरेन्द्र यादव औशाफ अहमद किरन दिवाकर सागर यादव शिव यादव सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोडर टैम्पो और जेनरेटर पुलिस ने किया बरामद

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीएनसी विभाग के 14 एचपी का जनरेटर 16 सितम्बर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले की जांच कर रहे चौकी इंचार्ज नित्यानंद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त संदीप कुमार सोनकर पुत्र रमेश सोनकर निवासी टिकरी मुजफ्फरपुर थाना सराय अकिल को कल्याणपुर बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे बाग से रात्रि 2:00 बजे गिरफ्तार कर पूछताछ की अभियुक्त से पूछताछ करने पर 2 अन्य लोगों के नाम सामने आए। जिनमें से एक मनीष कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी भरतपुर अहिरारा थाना कोखराज और दूसरा रामचंद्र पटेल पुत्र धर्मपाल पटेल निवासी चकिया निधियांवा थाना कोखराज को पुलिस ने गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी हुआ 14 त्थ्ढ का ढठउ का जनरेटर तथा एक लोडर टैम्पो पुलिस द्वारा बरामद किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नित्यानंद सिंह,हे0का0 बीरेंद्र शुक्ला,का0 जितेंद्र कुमार,का0मो0 मलिक,का0 सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# डीएम एसपी पहुंचे थाना दिवस सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

### थाना समाधान दिवस में चरवा थाने में पहुंचे 20 फरियादी



थाना दिवस में शिकायतों को सुनते थानाध्यक्ष

**कौशांबी।** थाना समाधान दिवस के मौके पर संपूर्ण जिले के थानों में पुलिस अधीक्षक के निर्देश थाना समाधान दिवस का आयोजन थानेदारों द्वारा किया गया है जहां फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं और थाना समाधान दिवस के अवसर पर तमाम शिकायतों के निस्तारण थानेदारों ने मौके पर कर दिया है शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए थानेदारों ने जिम्मेदारों को समय में शिकायत निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं थाना समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर जिला अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक उप जिला अधिकारी क्षेत्राधिकारी थानों में पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना है इसी क्रम में चरवा थाना में समाधान दिवस मनाया गया थाना चरवा मे थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार त्रिवेदी व राजस्व निरीक्षक गोरे लाल वर्मा,समस्त हल्का लेखपालों के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया है जिसमें 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं सभी राजस्व के ही शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं, 20 में से 04 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है शेष 16 शिकायती प्रार्थना पत्रो को समय पूर्ण रहते सम्बंधित को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### कोखराज थाने में तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं

कौशाम्बी थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना पहुंचकर तहसीलदार सिराथू संतोष कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना है और तमाम समस्याओं को मौके पर निस्तारण कराया है शासन के निर्देश पर शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में कोखराज थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया था जहां थानेदार समस्त उपनिरीक्षक चौकी इंचार्ज और सिपाही मौजूद थे मौके पर तहसीलदार सिराथू भी पहुंचे इस मौके पर तहसीलदार सिराथू ने स्पष्ट तौर से कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि फरियादियों को गुणवत्तापूर्ण न्याय मिले और वह संतुष्ट दिखाई दे उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण में यदि पक्षपात और लापरवाही की गई तो जिम्मेदारों की खैर नहीं होगी कोखराज थाना में समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष ज्ञान सिंह तहसील दार सिराथू संतोष कुमार उपनिरीक्षक चौकी इंचार्ज मौजूद रह कर लोगों की समस्याएं सुनीं।

# विकास योजनाओं में मची लूट, शिकायती पत्र का इंतजार कर रहे सीडीओ

अखंड भारत संदेश

- आरोपों की पुष्टि होने के दो साल बाद भी दोषियों से नहीं हो सकी सरकारी रकम की रिकवरी
- सरकारी रकम में हेराफेरी कर मालामाल होने वाले आरोपियों पर वर्षो बाद भी नहीं दर्ज हो सका मुकदमा

**कौशांबी।** जिले मे विकास योजनाओं में बेखौफ तरीके से लूट मची है सरकारी योजनाओं से कराए जाने वाले विकास कार्यों की धांधली की शिकायती पत्र लेकर आला अधिकारियों की चौखट तहसील दिवस में आम जनता पहुंचकर फरियाद कर रही है लेकिन विकास योजनाओं की धांधली पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है ग्राम पंचायतों में करोड़ों के घोटाले की ढाई दर्जन पत्रावली बीते 2 वर्षों से कार्यवाही का इंतजार कर रही है गौशाला के निर्माण में बड़ी धांधली हुई है पशुओं को सूखा भूसा दिया जाता है गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण में धांधली कर करोड़ों की रकम जिम्मेदार डकार गए हैं पंचायत भवन और सामुदायिक भवन को अर्धनिर्मित छोड़कर पूरी रकम सरकारी खजाने से निकाल ली गई है गोवंश को प्रकाश देने के लिए गौशाला में जनरेटर खरीदे गए हैं दो दर्जन गौशाला के जनरेटर जिम्मेदार अधिकारी अपने आवास उठा ले गए हैं जनरेटर उठा ले जाने के मामले में जनरेटर चोर अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई है पशुओं को सूखा भूसा दिए जाने का मामला भी जांच के दौरान ठंडे बस्ते में चला गया है ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में करोड़ो की धांधली की पत्रावलियों पर वर्षो बाद कार्यवाही नही हुई हैंडपंपों के रिबोर में बड़ी धांधली है पंचायत भवन सामुदायिक भवन के निर्माण में धांधली सहित विभिन्न योजनाओं में धांधली की मुख्य विकास अधिकारी को बार-बार जानकारी दिए जाने के बाद भी दोषी अधिकारियों पर मुकदमा नहीं दर्ज हो सका है जिले में नाली निर्माण सीसी रोड निर्माण में जमकर धांधली हो रही है तमाम मामलों में जांच अधिकारियों ने भी धांधली की पुष्टि कर अपनी रिपोर्ट प्रेषित कर दी है लेकिन शिकायत की पुष्टि होने के बाद भी आगे कार्यवाही करने के लिए बार बार शिकायती पत्रों का इंतजार मुख्य विकास अधिकारी कर रहे हैं तमाम घोटाले के मामले को बार-बार ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार धांधली में लिप्त अधिकारी और जिम्मेदारों के हौसले बुलंद है हैंडपंप की मरम्मत के नाम पर ग्राम पंचायतों में बड़ी धांधली है नया हैंडपंप लगते ही रिबोर के नाम पर धन निकाल लिया जाता है फिर हैंडपंप के मरम्मत के नाम पर खजाने से रकम निकाल ली जाती है यह कोई एक गांव का मामला नहीं है नेवादा विकासखंड के बरोलहा सहित तमाम ग्राम पंचायतें हैं जहां निर्माण कार्यों में दर-दर पर धांधली है आए दिन जनता शिकायती पत्र देकर अधिकारियों से कार्यवाही की मांग कर रही है लेकिन गौ संरक्षण केंद्र ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों सहित विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार में लिप्त जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है सूत्रों की माने तो विकास भवन के बड़े अफसर तक कमीशन खोरी की रकम पहुंच रही है जब भ्रष्टाचार की रकम में बड़े अधिकारी साझीदार होंगे तो कैसे दोषियों पर कार्रवाई करेंगे यह जन-जन की जुबान में चर्चा हो रही है बीते पंचवर्षीय कार्यकाल में ढाई दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में सरकारी रकम में हेरा फेरी कर करोड़ों की रकम डकारने का आरोप तत्कालीन ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारियों पर है जांच अधिकारियों ने ढाई दर्जन ग्राम पंचायतों में जांच के दौरान आरोपों की पुष्टि कर रकम को वसूली कराए जाने की सिफारिश किया है लेकिन 2 वर्षों से जिले में तैनात मुख्य विकास अधिकारी के कार्यकाल में करोड़ों के गबन के आरोपियों से वसूली नहीं हो सकी है व्यवस्था को संभालने में लापरवाह मुख्य विकास अधिकारी के कारनामे की ओर सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कठोर कार्रवाई की मांग जनता ने की है।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन : पुरुष एवं महिला वर्ग की मिनी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश




जन जागरूक रैली में उपस्थित अध्यक्ष कल्पना सोनकर एसपी अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर

**अझुवा कौशाम्बी।** दिनांक 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक मनाए जा रहे द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2021 कार्यक्रम के द्वितीय दिवस दिनांक 25 सितम्बर को महामाया राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस के छात्र-छात्राओं एवम यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ₹सड़क सुरक्षा₹ के अंतर्गत एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर, पुलिस अधीक्षक राधेश्याम, प्रधानाचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय डॉ विनय कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ अनिल कुमार, प्रभारी यातायात रविंद्र त्रिपाठी एवं अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर रामजीत यादव नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी समीम बेगम संदीप कुमार उपेंद्र कुमार अरविंद कुमार रीता दयाल श्री प्रकाश श्रीवास्तव सौम्या जायसवाल विनीता पूनम शुभम दुबे प्रभा कांत मिश्रा सहित जनपद के अनेक सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे जिसके उपरांत ₹फिट इंडिया फ्रीडम रन₹ कार्यक्रम के तहत पुरुष एवं महिला वर्ग की मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को जिला पंचायत अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक एवं प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात प्रभारी द्वारा जनपद के करारी एवं मंझनपुर में बस, टैक्सी-टेंपो एवं अप्पे यूनियन के चालकों एवं संचालकों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर सड़क-सुरक्षा के उपायों पर परिचर्चा की एवं दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु यातायात के नियमों से जागरूक किया।

## सम्पादकीय

# जाति जनगणना की उलझनें

सरकार के इस हलफनामे में जहां एक तरफ नीतिगत रवैये की बात कही गई है, वहीं दूसरी तरफ जातिगत जनगणना की राह में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां भी गिनाई गई हैं। नीति के सवाल पर इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना के वक्त ही यह तय कर लिया था कि एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों से संबंधित सूचनाओं को जनगणना का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर की गई याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह 2021 की जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी भी जाति से संबंधित सूचनाएं इकट्ठा करने के पक्ष में नहीं है। केंद्र सरकार के इस रुख पर अब राज्य सरकारें अपना पक्ष रखेंगी और फिर अदालत तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए कोई फैसला देगी, लेकिन इस हलफनामे से इस मसले पर केंद्र सरकार का रुख पूरी तरह साफ हो गया।

केरल की ओणम बंपर लॉटरी, ऑटो चालक ने जीते 12 करोड़...दुबई में रहने वाले शख्स ने क्यों अड़ा दी टांग कहानी पूरी फिल्मी है हालांकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 20 जुलाई को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बता दिया था कि भारत सरकार ने जनगणना में एससी/एसटी के अलावा अन्य जातियों को न गिनने का नीतिगत निर्णय लिया है। लेकिन इसके बाद 23 अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्रियों की अगुआई में विभिन्न दलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला और उनसे जाति आधारित जनगणना करवाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल को अपनी तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया, लेकिन न केवल बीजेपी नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल की मांग से सहमति जताई बल्कि पार्टी ने इसमें अपना एक नुमाइंदा भी भेजा। इसलिए यह संभावना जताई जाने लगी थी कि अब इस मसले पर सरकार के रुख में थोड़ी नरमी दिखेगी। बहरहाल, सरकार के इस हलफनामे में जहां एक तरफ नीतिगत रवैये की बात कही गई है, वहीं दूसरी तरफ जातिगत जनगणना की राह में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां भी गिनाई गई हैं। नीति के सवाल पर इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना के वक्त ही यह तय कर लिया था कि एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों से संबंधित सूचनाओं को जनगणना का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। मगर जब यह नीति बनाई गई थी, तब एससी/एसटी के अलावा किसी और जाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं थी। अब जब ओबीसी आरक्षण को तीन दशक हो चुके हैं और उसके फायदों की ढंग से समीक्षा करने की जरूरत महसूस हो रही है तो फिर 1951 के नीतिगत फैसले का हवाला देना तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। जहां तक व्यावहारिक दिक्कतों की बात है तो सरकार की इस बात में दम है कि जाति, गोत्र, उपजाति से संबंधित उलझनें इस काम को अत्यधिक कठिन बना देती हैं। इन्हीं उलझनों की वजह से 2011 की जनगणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों में इतनी गलतियां पाई गईं कि उन्हें इस्तेमाल के लायक भी नहीं माना जा सका। मगर चाहे जितनी भी गंभीर हों, गलतियों को किसी फैसले या नीति का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोशिश हमेशा गलतियों को दुरुस्त करके आगे बढ़ने की होती है, गलतियों का वास्ता देकर किसी काम को टालना कोई विकल्प नहीं होता। मौजूदा मामले में भी सरकार के प्रयासों की दिशा जातियों से संबंधित उलझनों को दूर करने और सही व प्रामाणिक सूचनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की ही होनी चाहिए।

# पं. दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद संबंधी सिद्धांत पर केंद्रित है मोदी सरकार की हर नीति

**धरमलाल कौशिक**

विश्व जगत हर क्षेत्र में भारत से नेतृत्व की उम्मीद कर रहा है। इसके पीछे एकात्म मानववाद पर आधारित मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियां और कार्यशैली है। यहां मैं कुछ बातों का जिक्र करना चाहूंगा, जिनसे प्रत्यक्ष रूप से पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रदत्त दर्शन की अभिव्यक्ति होती है। श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व व उनके वैचारिक अवदान को समझने के लिए एकात्म मानववाद के मर्म को समझना होगा। मानवीय जीवन के लिए उन्होंने एक ऐसी वैचारिक संहिता प्रस्तुत की है, जिससे व्यक्तिगत व सामुदायिक जीवन को गुणवत्ता प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होता है। आज सही अर्थों में समाज जीवन को एकात्म मानववाद से निकले मूल्यों व संस्कारों को आत्मसात करना होगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन के प्रत्येक पक्ष फिर चाहे वह विचारक, संपादक, दार्शनिक अथवा अर्थशास्त्री का रहा हो, हर क्षेत्र में उन्होंने सहयोग, समन्वय व सह-अस्तित्व को वरीयता दी। अंत्योदय के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने वंचित वर्ग के हित संवर्धन के लिए साझा सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देने के साथ पर्यावरणीय घटकों के मर्यादित उपयोग की सम्यक दृष्टि भी प्रदान की।

इसमें कोई संदेह नहीं कि अलग-अलग कालखंड में विविध दर्शन व विचारों से समाज का वैचारिक पोषण होता रहा है। प्रत्येक दर्शन जनकल्याण हेतु अपने मार्ग तय करता है, लेकिन पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की प्रासंगिकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके पीछे उनके विचारों के वैशिष्ट्य के साथ उसकी व्यावहारिक स्वीकार्यता भी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय मूल्यों पर आधारित जीवनशैली के जरिए समाज, अर्थ, राजनीति, पर्यावरण तमाम क्षेत्रों की समस्याओं का समाधानपरक विकल्प प्रशस्त किया। आज विश्व जगत हर क्षेत्र में भारत से नेतृत्व की उम्मीद कर रहा है। इसके पीछे एकात्म मानववाद पर आधारित मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियां और कार्यशैली है। यहां मैं कुछ बातों का जिक्र करना चाहूंगा, जिनसे प्रत्यक्ष रूप से पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रदत्त दर्शन की अभिव्यक्ति होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और नस्लभेद समेत तमाम मुद्दों पर दुनिया को राह दिखा रहा है। जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भारत आज पिछड़े व विकासशील देशों की आवाज बन चुका है। वहीं देश के वर्तमान नेतृत्व ने विकसित देशों को पर्यावरण अनुकूल नीतियों व हरित अर्थव्यवथा की ओर उन्मुख होने के लिए भी प्रेरित किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ हो या फिर अन्य वैश्विक मंच सभी विश्व की ज्वलंत समस्याओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण में ही समाधान के मार्ग तलाश रहे हैं। यह एकात्म मानववाद की वैश्विक स्वीकार्यता को प्रमाणित करता है। दरअसल, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की हर नीति की आत्मा एकात्म मानववाद है। कोरोना जनित वैश्विक आपदा से लड़ने के लिए साझा सहयोग तंत्र विकसित करने से लेकर आतंकवाद के विरुद्ध पूर्ण असहनशीलता की नीति अपनाकर भारत हर जगह विश्व को एकजुट कर रहा है। पं. दीनदयालजी उपाध्याय जी का यह स्पष्ट मानना था कि भारत के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का मार्ग भारतीयता के दर्शन पर विकसित होना चाहिए। पूंजीवाद और समाजवाद दोनों विचारधाराओं को वह भारत के लिए अनुपयुक्त व अव्यवहारिक मानते थे। यहां मैं कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उस आह्वान का उल्लेख करना चाहूंगा जिसमें उन्होंने मानव केंद्रित वैश्वीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके मूल में एकात्म मानववाद का विचार है। यदि हम वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था व उसके द्वारा संचालित अर्थतंत्र की बात करें तो भौतिकवाद व उपभोगवाद उसका प्रमुख चरित्र रहा है। इसके ठीक उलट, राष्ट्र के वैचारिक प्रेरणापुंज पं. दीनदयाल उपाध्याय जी अर्थव्यवस्था की कसौटी को मानव के सर्वांगीण विकास पर परखते हैं। यही वजह है कि देश का हर नागरिक जाति, भाषा, वर्ग, क्षेत्र से ऊपर उठकर एकात्म मानववाद के मूल्यों से अपनी निकटता स्थापित करता है। एकात्म मानववाद पर समग्रता से चिंतन करने पर हमें ज्ञात होता है कि यह भारत रूपी राष्ट्र के मूल स्वभाव को अनुप्रमाणित करता है। एक ऐसा भारत जो ज्ञान आधारित उपक्रमों से वैश्विक मानचित्र को विश्वगुरू के रूप में ऊर्वर करता रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहे हैं। उनका मानता था कि राष्ट्र की निर्धनता और अशिक्षा को दूर किए बिना वास्तविक उन्नति संभव नहीं है। निर्धन और अशिक्षित लोगों की उन्नति के लिए उन्होंने अंत्योदय की संकल्पना का सुझाव दिया। उनका कहना था ञ्चअनपढ़ और मैले-कुचले लोग हमारे नारायण हैं। हमें इनकी पूजा करनी है यह हमारा सामाजिक दायित्व और धर्म है।'' मुझे गर्व है कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के घटक के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्यावधि कार्यकर्ता अंत्योदय के इस पुनीत यज्ञ में सेवा व समर्पण की आहुति दे रहे हैं। सनद रहे, किसी भी व्यक्ति या समाज के गुणात्मक उत्थान के लिए आर्थिक और सामाजिक पक्ष ही नहीं उसका सर्वांगीण विकास अनिवार्यता है। श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मत था कि राष्ट्र की निर्धनता और अशिक्षा को दूर किए बिना गुणात्मक उन्नति संभव नहीं है। खास़ बात यह है कि अंत्योदय के वैचारिक प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन मात्र लेखन व उनके चिंतन तक सीमित नहीं था। संगठन के कार्य से वह जब भी प्रवास के लिए जाते तो वरीयता के आधार पर समाज में अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के यहाँ ही ठहरते थे। राष्ट्र के वैचारिक उपासक श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती के अवसर पर नमन करते हुए आइए हम सभी सक्षम और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें।

# ब्रह्मपुत्र पर बांधः देश के लिए खतरा

**डॉ. दिनेश प्रसाद मिश्र**

चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर विशाल बांध बनाने जा रहा है। चीन की संसद ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की योजना को मंजूरी दी है। वह 14 वी पंचवर्षीय योजना में अरुणाचल प्रदेश से सटे तिब्बत के निचले क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनाने की तैयारी कर रहा है, इसके अंतर्गत यह बांध 2021 से 2025 की पंचवर्षीय योजना में बनकर तैयार होगा। चीन के अनुसार ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाला यह हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट विश्व के सबसे बड़े बांधों में से एक होगा। चीन पहले ही तिब्बत में 11130 करोड़ों रुपए की लागत से थ्रीजार्ज हाइड्रो पावर स्टेशन बना चुका है।

2015 में बना यह बांध चीन का सबसे बड़ा बांध है। अब प्रस्तावित नया प्रोजेक्ट तिब्बत के मैदानी इलाके में मौजूद यारलुंग सांगपो अर्थात ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया जाएगा जो सुपर हाइड्रो पावर स्टेशन होगा। चाइना सोसाइटी ऑफ हाइड्रो पावर के अनुसार यह इतिहास में सबसे बड़ा बांध होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना सांगपो डाउनस्ट्रीम हाइड्रो पावर बेस के द्वारा चीन 60 गीगावॉट बिजली का उत्पादन कर सर्वाधिक बिजली उत्पादित करने वाला प्रोजेक्ट बनेगा तथा वह 22.5 गीगावॉट बिजली उत्पादित करने वाले जार्ज डैम प्रोजेक्ट से लगभग 3 गुना बिजली उत्पादन कर सबसे बड़ा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनेगा। तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी अर्थात यारलंग सांगपो नदी में ग्रैंड कैनियन है, जहां पानी 2000 मीटर ऊंचाई से नीचे गिरता है ,जिससे 70 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे की दर से बिजली बनाई जा सकती है। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलंग सांगपो, अरुणाचल प्रदेश में सियांग तथा दिहांग और असम में रोहित दिलाओ तथा ब्रह्मपुत्र, बांग्लादेश में जमुना नदी के नाम से संबोधित किया जाता है। यह नदी चीन, भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा निर्धारित करती है। पानी के बहाव की दृष्टि से विश्व की नौवीं सबसे बड़ी और लंबाई की दृष्टि से 15 वीं सबसे बड़ी नदी है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रवाह क्षेत्र लगभग 3969 किलोमीटर तथा नदी की औसत गहराई 38 मीटर अर्थात लगभग 128 फीट तथा अधिकतम गहराई 120 मीटर अर्थात 380 फीट है। असम में इसकी चौड़ाई काफी अधिक हो जाती है। कहीं-कहीं पर यह 10 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में अपना प्रवाह पथ बनाकर आगे बढ़ती है।

असम के डिब्रूगढ़ तथा लखीमपुर जिले के बीच में नदी दो भागों में विभक्त होकर आगे बढ़ती है और असम में ही नदी की दोनों शाखाएं मिलकर मुजुली द्वीप बनाती हैं जो दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है। यह नदी हिमालय क्षेत्र के कैलाश पर्वत के समीप स्थित मानसरोवर झील क्षेत्र में स्थित आंगसी ग्लेशियर, जो समुद्र तट से 5150 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, निकलकर दक्षिण तिब्बत से होती हुई अरुणाचल, असम के पश्चात बांग्लादेश में प्रवेश कर गंगा नदी की मूल शाखा पदमा से मिलकर बंगाल की खाड़ी में समुद्र से मिलती हुई भारत, चीन और बांग्लादेश की सीमा निर्धारित करती है। विश्व की समस्त बहती हुई धाराओं को नदी नाम से ही संबोधित किया जाता है तथा उनकी संज्ञा नदी ही है, किंतु ब्रह्मपुत्र एक ऐसी जलधारा है जिसे नदी न कहकर नद कहा गया है। ब्रह्मपुत्र को ब्रह्मा के पुत्र के रूप में स्वीकार किया गया है। असम में इसे प्रायः ब्रह्मपुत्र के नाम से ही जाना जाता है, किंतु बोडो लोग इसे भुल्लम-बुथुर नाम से संबोधित करते हैं, जिसका अर्थ है- कल कल की आवाज निकालना।

चीन द्वारा इस विशाल बांध के बनाए जाने से भारत के समक्ष अनेक नई चुनौतियां उपस्थित होंगी। नदी के प्रवाह में रुकावट आएगी जिसके कारण भारत के पूर्वोत्तर राज्य में सूखे की स्थिति उत्पन्न होने के के साथ-साथ बारिश के दिनों में बाढ़ की भी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस मेगा डैम के निर्माण के बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन का पूर्ण नियंत्रण होगा वह कभी भी नदी के पानी को रोक सकेगा तथा अपनी आवश्यकतानुसार बांध के दरवाजे खोल कर आवश्यकता से अधिक पानी अनियंत्रित मात्रा में छोड़ सकेगा जो बांग्लादेश तथा भारत के लिए एक साथ समस्याएं लाने वाला होगा।

ब्रह्मपुत्र नदी को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और बांग्लादेश के लिए जीवन का आधार माना जाता है और लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय नदियों के संदर्भ में चीन को भारत पर रणनीतिक बढ़त हासिल है। लोरी इंस्टिट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार चीन ने तिब्बत के जल पर अपना दावा ठोका है, इससे वह दक्षिण एशिया में बैठने वाली 7 नदियों सिंधु गंगा ब्रह्मपुत्र इरावडी, सलवीन,यांगट्जी और मेकांग के पानी को नियंत्रित कर रहा है। ये नदियां पाकिस्तान, भारत बांग्लादेश, म्यांमार, लाओस और वियतनाम से गुजरती हैं। इनमें से 48ञ् पानी भारत से होकर गुजरता है। यही नहीं चीन के इंजीनियर ऐसी योजना पर कार्य कर रहे हैं, जिसके माध्यम से ब्रह्मपुत्र नदी के जल प्रवाह को मोड़कर अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगे तिब्बत से शेनजियांग की तरफ 1000 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाकर उसके माध्यम से चीन के सबसे बड़े प्रशासनिक क्षेत्र सेनजियांग प्रांत के ताकालाकान रेगिस्तान में पानी पहुंचाया जा सके। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार ब्रह्मपुत्र नदी का पानी शिंजियांग प्रांत में जाने से वह कैलिफोर्निया की भांति हरे-भरे क्षेत्र में परिवर्तित हो जाएगा किंतु पर्यावरणविदों ने चीन के इस प्रयास को देखते हुए चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह को इस तरह से मोड़ने से हिमालय क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने के साथ-साथ नदी के इकोसिस्टम पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तिब्बत में तीखा मोड़ लेते हुए जहां यारलुंग नदी भारत में प्रवेश करती है उस ग्रेट बैंड वाले इलाके में यिगांग सांगपो, पारलुंसांगपो और यारलुंग में भारी बारिश होती है, जिससे यहां भूस्खलन और हिमस्खलन की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं निरंतर बनी रहती हैं। इस क्षेत्र में हर साल कम से कम ऐसी 10 या इससे भी अधिक प्राकृतिक आपदाएं आने की आशंका रहती है। इसके अलावा मींडाग में भी हर साल ऐसी औसतन 12 से 15 आपदाएं आती है।

सबसे बड़ी चिंता तो पूर्वी हिमालय के एक बड़े हिस्से में भूकम्प को लेकर होती है। अगर भूकंप आता है तो इससे बांध टूटने या दूसरी ऐसी दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहेगी जिसका व्यापक प्रभाव भारत के असम एवं अरुणाचल प्रदेश साथ ही साथ बांग्लादेश में भी देखने को मिल सकता है और वहां अचानक बाढ़ आ सकती है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार भूस्खलन और अस्थाई झीलों से बांध को होने वाले खतरे ने प्रोजेक्ट में लगे इंजीनियरों को चिंता में डाल दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2018 में ग्लेशियर पिघलने से भूस्खलन के कारण ब्रह्मपुत्र नदी की ऊपरी धारा यारलंग त्सांगपो अवरुद्ध हो गई थी जिससे एक झील का निर्माण हो गया और इसमें 60 करोड़ घनमीटर पानी एकत्र है, जो नदी के ऊपर से बह रहा है। यह बांध को कभी भी तबाह कर सकता है। इसके साथ ही प्रस्तावित बांध निर्माण स्थल से कुछ दूरी पर कई और झील लबालब भरी हैं जो इसके लिए निरन्तर खतरा बनी हुई हैं। बांध को किसी प्रकार का नुकसान होने पर उसके असीमित अनियंत्रित जल से नीचे के क्षेत्र निश्चित रूप से अत्यधिक प्रभावित होंगे। चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जाने वाले बांध तथा सुरंग के माध्यम से उसके पानी को सेन जियांग प्रांत में ले जाने से भारत को उपलब्ध होने वाले जल की मात्रा के अनियंत्रित हो जाने तथा नदी पर पूर्णरूपेण चीन के नियंत्रण से भारत के समक्ष अनेक प्रकार के खतरे उत्पन्न होने तथा उसके आर्थिक हित प्रभावित होने की पूर्ण आशंका है। जिसके दृष्टिगत भारत द्वारा चीनी सरकार के समक्ष अपना प्रबल विरोध दर्ज कराया गया है, किंतु अभीतक उसका कोई प्रभाव परिलक्षित नहीं हो रहा है। इसके प्रति उत्तर में भारत स्वयं असम में बांध बनाकर बिजली उत्पादन का कार्य प्रारंभ करने की योजना बना रहा है। जिससे संबंधित बांध में एकत्रित जल आवश्यकता अनुसार पानी तो उपलब्ध ही कराएगा, साथ ही चीन द्वारा छोड़े गए जल को भी आत्मसात कर उसे नियंत्रित करेगा। निश्चित रूप से भारत का यह कदम उसकी सुरक्षा एवं आवश्यकता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु इस पर अभी तक चीन द्वारा कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई। यदि चीन द्वारा किसी प्रकार की विपरीत प्रतिक्रिया व्यक्त भी की जाती है तो भारत को उसे दरकिनार कर निश्चित रूप से अपनी सुरक्षा हेतु बांध का निर्माण करना ही चाहिए। जिससे चीन निर्मित बांध द्वारा उत्पन्न समस्याओं का समाधान त्वरित गति से समय रहते प्राप्त किया जा सके और जाने-अनजाने चीन द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार की समस्या से क्षति न उठानी पड़े।

# पान मसाला, पैसा और अमिताभ बच्चन की सामाजिक जिम्मेदारी

**जगदीश रत्तनाणी**

एक बहुत सीधा तर्क है कि एक व्यवसाय जो कुछ लोगों के लिए अच्छा है, क्या अकेला यही पर्याप्त कारण है कि उस वजह से बच्चन उसका समर्थन करेंगे। इस तरह तो बच्चन अपना अनुबंध बचाने के लिए वस्तुतः गुटका किंग और पान मसाला सेठों की ही बात कह रहे हैं। यह कुछ इस तरह बताया जा रहा है कि उनके कैंसरजनक उत्पादों पर किसी भी तरह के प्रतिबंध से कारखानों में नौकरियां घट जायेंगी, ऊपर और नीचे तक आपूर्ति और वितरण श्रृंखला ध्वस्त हो जायेगी। एक पत्रिका में 13 सितंबर,1970 को नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन ने लिखा था- 'कारोबार की सामाजिक जिम्मेदारी अपने मुनाफे को बढ़ाना है।' यह सबसे अधिक उद्धृत किए जाने वाले उद्धरणों में से एक है। तब से दुनिया बहुत आगे बढ़ गई है और फ्रीडमैन के इस विचार को कई विद्वानों, सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सिरे से खारिज कर दिया है। व्यापार में आज कोई भी यह कहने के लिए खड़ा नहीं होगा कि उसका लक्ष्य सिर्फ अधिकतम लाभ कमाना है। लेकिन अमिताभ बच्चन ने ठीक यही कहा है, सिर्फ शब्दों में थोड़ा फेरबदल है। सोशल मीडिया पर एक नाराज प्रश्नकर्ता ने इस मशहूर हिंदी फिल्म स्टार से पूछा कि उन्होंने पान मसाला के रूप में एक अवांछनीय उत्पाद का समर्थन क्यों किया है, बच्चन ने कहा कि उन्हें ऐसा करने के लिए भुगतान किया गया था। बच्चन की खासियत यह है कि वह हमेशा विनम्र, शांत और दोस्ताना होते हैं और इस मामले में भी उन्होंने ठंडे दिमाग से जवाब दिया। वे कहते हैं कि यह (पान मसाला) एक ऐसा व्यवसाय है जो कई लोगों को लाभ पहुंचाता है। वे आगे कहते हैं कि इसलिए मैं अपने व्यवसाय के बारे में भी सोचता हूं, और मुझे इसके लिए पैसा मिलता है और फिल्म उद्योग में काम करने वाले अन्य लोगों को भी ऐसे ही पैसा मिलता है। एक सादा और सरल जवाब- मामला बंद!

यह विवाद और आगे बढ़ता है। उसने बाद में एक और टिप्पणी में बच्चन से पूछा गया कि क्या वह अपनी पोती को इस विज्ञापित ब्रांड की पेशकश करेंगे जिस विज्ञापन और ब्रांड को बढ़ावा देने का खतरनाक प्रभाव पड़ता है? इस सवाल-जवाब के बाद से कुछ ही दिनों में इस मामले में बच्चन की काफी बदनामी हो गई जो इस बात का स्वस्थ संकेत है कि आम नागरिक अपने नायकों के ऐसे कामों को किस नजरिए से देखते हैं।

एक बहुत सीधा तर्क है कि एक व्यवसाय जो कुछ लोगों के लिए अच्छा है, क्या अकेला यही पर्याप्त कारण है कि उस वजह से बच्चन उसका समर्थन करेंगे। इस तरह तो बच्चन अपना अनुबंध बचाने के लिए वस्तुतः गुटका किंग और पान मसाला सेठों की ही बात कह रहे हैं। यह कुछ इस तरह बताया जा रहा है कि उनके कैंसरजनक उत्पादों पर किसी भी तरह के प्रतिबंध से कारखानों में नौकरियां घट जायेंगी, ऊपर और नीचे तक आपूर्ति और वितरण श्रृंखला ध्वस्त हो जायेगी। दुर्भाग्यवश तंबाकूजन्य उत्पादों को भारत में एक खाद्य उत्पाद के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह चिंता की बात है तथा सरकार को इस मसले से निपटना चाहिए और यह कोई ऐसी बात नहीं है जिसके जरिए बच्चन अपना बचाव कर सकें। मार्केट रिसर्च कंपनी आईएमएआरसी ग्रुप के मुताबिक पान मसाला की सालाना बिक्री 45,000 करोड़ रुपये के आसपास होती है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पान मसाला समूह ने एक राजनीतिक दल को 200 करोड़ रुपये चंदा दिया था, जो यह बताता है कि जहर बेचने के कारोबार में कितना मुनाफा होता है और अपनी पहुंच, अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए कितनी राशि खर्च की जा सकती है। सरसरी तौर पर जांच करेंगे तो पता चलेगा कि कई पान मसाला उत्पादकों पर करोड़ों की आबकारी चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं। यह सब तब हुआ जब विभिन्न माध्यमों ने बताया कि पान मसाला उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर भारत में तंबाकू नियंत्रण पर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस (ओएसएमएफ), जो मुंह के कैंसर से पहले की स्थिति है, खास तौर पर युवाओं के बीच एक नई महामारी के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में भारत में युवा लोगों के बीच ओएसएमएफ में नाटकीय वृद्धि का कारण गुटका और पान मसाला चबाने को माना गया है। भारत में तंबाकू के सेवन का सबसे बड़ा तरीका तंबाकू चबाना है और जिसमें पान मसाला शामिल है। यहां तक कि अगर पान मसाला के एक विशेष पैकेट में तंबाकू नहीं होता है तो यह सुपारी व अन्य उत्तेजक और टैनिन चबाने की लत को बढ़ाता है। इस आदत में तम्बाकू को शामिल करना कुछ ही समय की बात होती है। शोधकर्ताओं, ज्योत्सना चांगरानी और फ्रांसिस्का गैनी ने पाया है कि भारत में मुंह के कैंसर की बीमारी लगभग 30 प्रतिशत सुपारी-तंबाकू, करीब 50 फीसदी सुपारी-तंबाकू चबाने और धूम्रपान के संयुक्त उपयोग के कारण होती है। उन्होंने शोध में पाया कि अभी हाल तक पान और गुटका में तंबाकू के उपयोग को मुंह के कैंसर के लिए एकमात्र कारण के रूप में जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि हाल ही में सुपारी को मुंह के कैंसर के लिए स्वतंत्र रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। तंबाकू के साथ सुपारी का सेवन गले और भोजन नलिका के कैंसर का कारण बनता है। बुरी बात यह है कि कैंसर होने के कारणों में पान मसाला अपेक्षाकृत नया घटक है और यह हाल ही में इस घातक गिरोह में शामिल किया गया है। बमुश्किल तीन दशक पहले यह उत्पाद बाजार में आया था और तब से आक्रामक मार्केटिंग के तौर-तरीकों से इसकी बिक्री में लगातार वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि हम ब्रांडों, संकुल, टिन और अन्य स्टॉक कीपिंग यूनिट्स कोड के मिश्रित विविध घटकों के माध्यम से कैंसर के प्रसार के लिए बाजार में सक्रिय हैं।

भारत के दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तंबाकू उपभोक्ता होने की पृष्ठभूमि में अमिताभ बच्चन इस बात का आश्वासन दे सकते हैं कि उन्होंने लोगों के स्नेह, चैरिटी और अपने प्रभावी सेलिब्रिटी स्टेट्स का उपयोग उन नौकरियों से ज्यादा जान लेने के लिए किया है जो उन्होंने कथित तौर पर बचाई हैं। इस मुद्दे की वजह से यह मामला इतना बढ़ गया है। एक बड़ी समस्या उस वक्त होती है जब बच्चन प्रभावी ढंग से कहते हैं कि यह एक वैध व्यवसाय है और वे इसे बढ़ावा देने और उसका प्रचार कर अपना पैसा बनाने के हकदार हैं। यह तर्क इस धारणा के विपरीत है कि कोई भी चीज जो कानूनी तौर पर सही है, वह नैतिकता की जरूरतों को पूरा करता है। एक बहुत अधिक अमीर और सुप्रसिद्ध व्यक्ति की आम नागरिकों के प्रति अंसवेदनशीलता नागरिकों के बढ़ते क्रोध का कारण बना है। यह अन्य फिल्मी सितारों के समाज के लिए किए कुछ शानदार कामों को अनदेखा करने वाली हरकत है; और फिर इससे यह संदेश भी जाता है कि पैसा बनाना एक अधिकार है- चाहे उसकी कोई भी कीमत देनी पड़े। एक आखिरी समस्या फिल्म 'दीवार' में बच्चन के मशहूर डायलॉग के समान है, जब वह अपने अलग रह रहे भाई और पुलिस अधिकारी से पूछते हैं- 'मेरे पास संपत्ति है, बैंक में पैसा, बंगला है, कार है... तुम्हारे पास क्या है?' फिल्म में उनके भाई का जवाब (मेरे पास मां है) अमर हो गया है। लाखों लोग इसे आज भी याद करते हैं। यह बच्चन ही हैं जो अपनी पंक्तियों को भूल गए। परदे का यह स्टार वास्तविक जीवन में भी नायक बन सकता है अगर वह इस विज्ञापन से हट जाए और कहे कि पान मसाला मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा के लिए बॉलीवुड के भीतर एक आंदोलन चलाये। बच्चन ऐसा कर सकते हैं। सवाल यह है कि क्या वे ऐसा करेंगे?

## रद्द हुए मैनचेस्टर टेस्ट पर आया फैसला, बीसीसीआई के इस प्रस्ताव पर ईसीबी ने भरी हामी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना के चलते भारत और इंग्लैंड के बीच रद्द हुए मैनचेस्टर टेस्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईसीबी टीम इंडिया के अगले साल होने वाले इंग्लैंड दौरे पर एक टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हो गया है। बीसीसीआई ने ईसीबी के सामने दो अतिरिक्त टी-20 मैच या फिर एक टेस्ट मैच खेलना का प्रस्ताव रखा था। टीम इंडिया को अगले साल इंग्लैंड टूर पर तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया ने जूनियर फिजियो योगेश परमार के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट में मैदान पर उतरने के इनकार कर दिया था। जिसके बाद दोनों बोर्ड को मुकाबला रद्द करना पड़ा था।

'ईएसपीयन क्रिकइंफो' की खबर के मुताबिक ईसीबी ने बीसीसीआई का एक टेस्ट मैच खेलना का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। हालांकि, अभी इसकी कोई आधिकारिक घोषणा दोनों बोर्ड की तरफ से नहीं की गई है और ना ही अबतक यह साफ हो सका है कि यह मैच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा होगा या फिर नहीं। गौरतलब है कि पांचवें टेस्ट मैच रद्द होने की वजह से इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को काफी नुकसान हुआ था और इसके भरपाई को लेकर उन्होंने आईसीसी को भी एक लेटर लिखा था। पांचवें टेस्ट रद्द होने के समय पर टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे चल रही थी।

भारत ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में इंग्लैंड को शिकस्त दी थी और उसके बाद टीम को लीड्स में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद ओवल टेस्ट में विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए इंग्लिश टीम को 157 रनों से हार का स्वाद चखाया था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लिश कंडिशंस में आखिरी बार टेस्ट सीरीज 2007 में जीती थी। इसके बाद टीम को 2014 और 2018 दौरे पर करारी हार झेलनी पड़ी थी।

## चेन्नई से मिली हार के बाद विराट कोहली ने ड्रेसिंग रूम में आरसीबी खिलाड़ियों की ऐसे लगाई क्लास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 35वें मैच में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बैंगलोर की टीम एक समय बिना किसी नुकसान के 111 रन पर थी, लेकिन इसके बाद टीम केवल 156 रन ही बना पाई। टीम की तरफ से देवदत्त पडिक्कल ने 70 और कप्तान विराट कोहली ने 53 रनों की शानदार पारी खेली। चेन्नई ने इस लक्ष्य को 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। चेन्नई के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने 38 और अंबाती रायडू ने 32 रनों की पारी खेली। इस हार के बाद कप्तान कोहली अपने टीम साथियों के प्रदर्शन से बेहद आहत नजर आए। कोहली ने मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में जमकर अपना गुस्सा निकाला। इस जीत के साथ महेंद्र सिंह धोनी की टीम 14 अंक से



तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। दूसरी ओर, आरसीबी की टीम 9 मैच में 5 जीत के साथ तीसरे स्थान पर है। आरसीबी ने अपने टिवटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें कप्तान कोहली और कोच माइक हेसन टीम के खिलाड़ियों से बातचीत कर रहे हैं। कोहली ने टीम के खिलाड़ियों से कहा, 'मैच से दूर होते हुए हम जानते हैं कि हम उन्हें दबाव में डाल सकते थे, तो इससे सभी को आहत होनसा चाहिए। अगर हम इस टूर्नामेंट को जीतना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं, तो इससे लोगों को दुख होगा कि हमने एक बड़ा मौका दिया। यह तब तक स्वीकार्य है जब तक हम इससे सीखने को तैयार हैं। हमें इसमें सुधार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हम टॉप पर फिनिश करने की बात करते हैं, तो हमें इस तरह से नहीं खेलना चाहिए।' आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर और कोच माइक हेसन ने कहा कि टीम को कम से कम 20 रन और बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि टीम को फिनिशिंग में सुधार करनी होगी। कोच ने कहा, 'इस पिच पर 170 रन का स्कोर बहुत अच्छा स्कोर होता। हर किसी ने देखा कि बॉल मुश्किल से बल्ले पर आ रही थी। हमने अंतिम 10 ओवर में केवल 66 रन बनाए। हमें 15-20 रन और बनाना चाहिए था। मैं नहीं समझता हूं कि यह 185 वाली विकेट थी, लेकिन हम कुछ और स्कोर चाहते थे। मैं बहुत निराश हूं। उन्होंने पारी के अंत में अच्छी गेंदबाजी की, धीमी गेंदों और यॉर्कर को अच्छी तरह से अंजाम दिया।

## एमएस धोनी ने बताया, ड्वेन ब्रावो संग किस बात पर हमेशा होता है झगड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 का दूसरा फेज इस समय यूएई में जारी है। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मुकाबले के साथ आईपीएल के यूएई फेज का आगाज हुआ था। यहां पहले ही मैच में फैन्स ने 'कैप्टन कूल' महेंद्र सिंह धोनी को उस समय गुस्से में देखा, जब ड्वेन ब्रावो की वजह से एक कैच छूट गया था। सोशल मीडिया पर इस वीडियो की काफी चर्चाएं हुई थीं। कैच छूटने के बाद ब्रावो धोनी से नजरें भी नहीं मिला पा रहे थे। हालांकि अब धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद ब्रावो के साथ अपनी बॉन्डिंग पर खुलकर बात की है। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद कहा, 'इस समय ब्रावो एकदम फिट हैं और वे अच्छा खेल दिखा रहे हैं। मैं उन्हें अपना भाई कहता हूं और हमारे बीच हमेशा इस बात को लेकर झगड़ा होता है कि क्या उन्हें स्लो बॉल फेंकनी चाहिए या नहीं। लेकिन अब हर कोई जानता है कि उनके पास स्लोअर बॉल है, इसलिए मैंने उन्हें एक ओवर में छह अलग-अलग गेंद फेंकने को कहा।' बता दें कि बेंगलोर के खिलाफ चेन्नई के जीत में ब्रावो का अहम योगदान रहा था। ब्रावो ने आरसीबी के तीन खिलाड़ियों को आउट किया, जिसमें कप्तान विराट कोहली का कीमती विकेट भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने खतरनाक ग्लेन मैक्सवेल ओर हर्षल पटेल को भी पवेलियन की राह दिखाई।ब्रावो ने अपने कोटे के 4 ओवर में मात्र 24 रन दिए, जिससे आरसीबी 156 रनों तक ही सीमित हो गई। आरसीबी के खिलाफ इस मैच में उतरते ही ब्रावो ने चेन्नई की तरफ से अपने 100 आईपीएल मैच भी पूरे कर लिए। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसे कुछ गिने-चुने क्रिकेटर्स ही बना पाए हैं। उनसे पहले टीम के कप्तान धोनी, सीनियर बल्लेबाज सुरेश रैना और स्टार गेंदबाज रविंद्र जडेजा ने ही इस मुकाम को हासिल किया है।



## 'पंजाब के खिलाफ मुकाबला केदार जाधव के लिए आखिरी मैच साबित हो सकता है'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 से लगभग बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद को अब अगले मुकाबले में पंजाब किंग्स से भिड़ना है। भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे आकाश चोपड़ा का मानना है कि यह मैच केदार जाधव का आखिरी मैच साबित हो सकता है। जाधव इस सीजन में अपने बल्ले से बिल्कुल कमाल नहीं दिखा सके हैं और टीम भी अब बाहर होने की कगार पर है। जाधव को आईपीएल 2021 में पांच मैच खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने मात्र 43 रन बनाए हैं। आकाश ने यहां हैदराबाद की कमजोर बेंच स्ट्रेंथ पर भी बात की। अपने यूट्यूब चैनल पर आकाश ने कहा, 'यह जाधव का आखिरी मैच हो सकता है। अगर आप उनकी जगह किसी और को खिलाना चाहते हैं तो वे अभिषेक शर्मा या प्रियम गर्ग ही हो सकते हैं। लेकिन टीम में बहुत सारे बदलाव संभव नहीं हैं।' आकाश ने यहां केएल राहुल की कप्तानी वाली पंजाब टीम की भी बात की। उन्होंने कहा कि पंजाब को कम से कम कुछ बदलाव करने की जरूरत है और यह विदेशी खिलाड़ियो में होना चाहिए। उनके मुताबिक, 'आदिल रशीद और फेबियन एलेन की जगह क्रिस गेल और नाथन ऐलिस को मौका मिलना चाहिए। गेल निश्चित ही टी-20 क्रिकेट के महानतम बल?लेबाजों में से एक हैं और ऐलिस ने आखिरी ओवरो में शानदार बॉलिंग करके अपनी साख बनाई है। इसके अलावा मुरुगन अश्विन या रवि बिश्नोई को खिलाकर भी अच्छी प्लेइंग इलेवन बना सकते हैं।' प्वॉइंट टेबल की बात करें तो दोनों टीमें सबसे निचले पायदान पर चल रही हैं। हैदराबाद ने आठ में से सात मैच हारे हैं और टीम 2 प्वॉइंट्स के साथ आठवें नंबर पर है, जबकि पंजाब 6 प्वॉइंट्स के साथ सातवें नंबर पर है।

## सीएसके ने प्लेऑफ में बनाई जगह तो किस नंबर पर बैटिंग करने उतरे कप्तान एमएम धोनी, गौतम गंभीर ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2021 में लाजवाब प्रदर्शन यूएई में भी जारी है। पहले मैच में मुंबई इंडियंस को हराने के बाद माही के शेर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर भी भारी पड़े। सीएसके को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अब महज एक जीत की दरकार है। हालांकि, कप्तान एमएम धोनी का बल्ला अबतक इस सीजन पूरी तरह से खामोश रहा है। ऐसे में केकेआर को दो बार चैंपियन बना चुके पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने कैप्टन धोनी को अहम सलाह दी है। गंभीर का कहना है कि चेन्नई अगर प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रहती है तो माही को खुद को बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट करके क्रीज पर ज्यादा समय बिताना चाहिए, जो उनके लिए काफी फायदेमंद होगा।



'स्टार स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत करते हुए गौतम गंभीर ने कहा, 'चेन्नई प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेती है तो धोनी को नंबर चार पर खेलना चाहिए, चाहे टीम पहले बैटिंग कर रही है या फिर रनों का पीछा इससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए। वह ऐसा करके क्रीज पर समय बिता पाएंगे। मैं ऐसा होता हुआ देखना चाहता हूं और उम्मीद है कि ऐसा होगा। एक कप्तान होने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह आपकी इच्छा है आप चाहे जिस नंबर पर भी बल्लेबाजी करें।' धोनी का बल्ला पिछले आईपीएल से ही खामोश चल रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में धोनी ने अबतक खेले 9 मैचों में सिर्फ 51 रन बनाए हैं और वह बैटिंग करने भी काफी नीचे आ रहे हैं। बैंगलोर के खिलाफ लास्ट मैच में धोनी जडेजा से हालांकि ऊपर बैटिंग करने उतरे थे और वह 11 रन बनाकर नाबाद रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स ने अबतक खेले 9 मैचों में से 7 में जीत का स्वाद चखा है और टीम इस समय प्वॉइंट टेबल में सबसे ऊपर है। बैंगलोर के खिलाफ सीएसके की ओर से ड्वेन ब्रावो और शार्दुल ठाकुर ने कमाल की गेंदबाजी की थी, जबकि बल्लेबाजी में ऋतुराज गायकवाड़ फाफ डुप्लेसी के बाद अंबाती रायडू ने भी ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। चेन्नई को अपना अगला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से 26 सितंबर को खेलना है।

## दिल्ली के खिलाफ भी चमके कार्तिक त्यागी, ऑरेंज कैप होल्डर शिखर धवन को पहली बॉल पर किया बोल्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 36वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का सामना शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और टीम ने दोनों ही सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए हैं। श्रेयस अय्यर और कप्तान ऋषभ पंत टीम की पारी को संभालने में जुटे हुए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर में चार रन बचाकर सनसनी फैलाने वाले तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने इस मैच में भी कमाल की शुरुआत की है। कार्तिक ने ऑरेंज कैप होल्डर शिखर धवन को बोल्ड करके अपनी टीम को पहली सफलता दिलाई। कार्तिक प्यागी के अपने स्पैल की पहली ही गेंद पर धवन को बोल्ड किया। राजस्थान के युवा फास्ट बॉलर की अंदर आती हुई गेंद को गब्बर ने बैकफुट पर रहते हुए खेलना का प्रयास किया, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेते हुए स्टंप पर जा लगी। धवन 7 गेंद खेलकर महज 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शिखर के आउट होने के बाद ही शॉ भी जल्दबाजी कर बैठे और चेतन सकारिया की गेंद पर लियाम लिविंगस्टोन को कैच देकर चलते बने। इस मुकाबले में दिल्ली की टीम महज तीन विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरी है। पंत ने मार्कस स्टोयनिस की जगह पर ललित यादव को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने प्लेइंग इलेवन में दो बड़े बदलाव किए हैं। टीम ने एविन लुईस और क्रिस मोरिस की जगह डेविड मिलर और तबरेज शम्सी को टीम में शमिल किया है। लुईस पूरी तरह से फिट नहीं होने की वजह से इस मुकाबले में शामिल नहीं हो सके हैं। उनकी जगह पर मिलर को टीम में रखा गया है। वहीं, क्रिस मोरिस का प्रदर्शन पिछले मैच में गेंद से काफी खराब रहा था और उन्होंने अपने 4 ओवर में 47 रन लुटाए थे। यही वजह है कि उनको टीम में जगह नहीं दी गई है। शम्सी की हालिया फॉर्म काफी जबरदस्त रही है और वह आबु धाबी की पिच पर कारगर साबित हो सकते हैं।



## लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरुरी : विकास

### समाजवादी पार्टी ज्ञानपुर विधानसभा इकाई के सेक्टर प्रभारियों, बूथ प्रभारियों, ब्लाक व विधानसभा की हुई समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी ज्ञानपुर विधानसभा इकाई के सेक्टर प्रभारियों, बूथ प्रभारियों, ब्लाक व विधानसभा की समीक्षा बैठक शनिवार को सुफीनगर में हुई। जिसमें 2022 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए और सूबे में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पार्टी के जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव ने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को हराना आवश्यक है। भाजपा सरकार लोकतंत्र समाप्त कर देना चाहती है। भाजपा को उ.प्र. में सिर्फ समाजवादी पार्टी ही हरा सकती है। इसलिए आप सभी कार्यर्ताओं का दायित्व बढ़ गया है। आपकी तरफ आमजन आशा भरी निगाहों से देख रहे है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में खुशहाली तभी आ सकती है। जब अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। जो माहौल को आज भाजपा की सरकार द्वारा खराब कर दी गई है। उसको ठीक करने तथा सूबे को विकास के पथ पर ले जाने व सबको सम्मान दिलाने और उनको योजनाओं से जोड़ने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ लेकर ऊपर तक की संगठनों को मजबूत करना होगा। इसके लिए बारीकियां बताई गई और टिप्स भी दिए गए। जिससे की संगठन को मजबूत करने के साथ ही साथ बूथ को भी मजबूत किया जा सकें और चुनाव में बूथ जितने में आसानी रहें। इस मौके पर पार्टी के जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, डा.नीलम मिश्रा, श्याम धर यादव, कमला महतो, बाबा बिंद, गोरख पांडेय, संदीप मिश्र, बाबा यादव, कमला बिंद, इरशाद अहमद, रत्नेश मिश्र, अंकित पांडेय, मुन्ना पांडेय, अतुल श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र जिज्ञासु, राधेश्याम यादव व महेश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लालचंद बिंद व संचालन महासचिव मुन्ना खां ने किया।

## प्रदेश की खुशहाली के लिए समाजवादी सरकार जरूरी

### मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी का सुरियावां में हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

भदोही। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी का सुरियावां बाजार में शनिवार को पहुंचने के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री सिद्दीकी ने गरीबों, मेहनतकशों तथा फुटपाथ पर बैठ कर काम करने वाले व ठेला, रिक्शा चलाने वालों को फूलों का हार पहना कर सम्मान देने का काम किया। श्री सिद्दीकी ने कहा गरीबों, मजदूरों, किसानों और जवानों की तरक्की के बिना देश की तरक्की और आर्थिक मजबूती संभव नही। भाजपा की सरकार में किसान, मजदूर गरीब दमतोड़ रहा है। युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। बहन बेटियों की आबरू से खिलवाड़ किया जा रहा है। भ्रष्टाचार अपने पूरे चरम पर है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में विकास कार्य पूरी तरह से बाधित है। सरकार में बैठे लोग और भाजपा की पूरी की पूरी टीम जनता को सिर्फ गुमराह करने का काम कर रही है। देश व प्रदेश दोनों विकास के मामले में दिशाहीन हो गई है। महंगाई से आम जनता त्रस्त है। आम लोगों को अपने घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। लेकिन इसको कम करने की कोशिश नहीं की जा रही है। श्री सिद्दिकी ने कहा कि भाजपा सरकार से देश व प्रदेश की जनता त्रस्त हो गई है। 2022 में यूपी विधानसभा का चुनाव होने वाला है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल की जनता ने वहां से भाजपा को खदेड़ा जा। ठीक उसी प्रकार से उत्तर प्रदेश की जनता भी भाजपा को यहां से खदेड़ने के लिए तैयार हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है। इस मौके पर मयंक यादव, बाबा बिंद, चंदा यादव, रउफ हाश्मी, आशीष सिंह, नांहक यादव, मुन्ना यादव, श्यामधर यादव बब्बू, प्रमोद यादव, मंगल पासी, जितेंद्र राय, घनश्याम यादव, प्रेम यादव, चंद्र मोहन, अब्दुल वहाब, लक्ष्मीकांत जायसवाल, फारूक राजेश गौतम, जतन गुप्ता आदि रहे।



## अस्पताल में ओपीडी सेवा शुरू

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि अस्पताल में ओपीडी चालू हो गयी है और सामान्य रोगी भी अस्पताल में अपना इलाज करवा सकते हैं। समाजसेवी एवं जिला प्रशासन द्वारा भदोही वासियों को स्वास्थ्य के प्रति बेहतर से बेहतर इलाज दिलाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है और कोविड-19 हेतु ऑक्सीजन की सप्लाई निःशुल्क की जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि ऑक्सीजन प्लांट में यदि अतिरिक्त पैसे की जरूरत पड़ी तो मैं निर्वहन करूंगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष चक ने बताया कि भदोही जनपद को कोरोना मुक्त जनपद बना लिया गया है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण, उपस्थित रहे।

## महाराजा बलवंत सिंह हास्पिटल में चालू हो गया दूसरा आक्सीजन प्लांट

### पीएम केयर फंड से करवाया गया है निर्माण, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम, एसपी व सीडीओ ने संयुक्त रूप से दोनों प्लांट का किया मंत्रोच्चार के बीच उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सांसद रमेशचंद बिंद, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से महाराजा बलवंत सिंह अस्पताल भदोही में ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया।

कोरोना की संभावित तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत स्वास्थ्य सुविधाओं को पहले से और बेहतर करने की दिशा में प्रशासन के प्रयास अनवरत जारी है। महाराजा बलवंत सिंह अस्पताल में शनिवार को दूसरे आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ सांसद भदोही रमेश चंद बिंद ने विधिवत रूप से किया। पीएम केयर फंड से तैयार हुए इस आक्सीजन प्लांट से अब



महाराजा बलवंत सिंह अस्पताल में आक्सीजन के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन गया है।सांसद रमेश चंद बिंद, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर के साथ डीएम, सीडीओ और सीएमओ डॉक्टर संतोष चक ने मंत्रोच्चार के मध्य फीता काटकर प्लांट का शुभारंभ किया। सांसद रमेश चंद बिंद ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए यह महत्वपूर्ण कदम है।

## सपा औराई विधानसभा इकाई की समीक्षा बैठक आज

**अखंड भारत संदेश**

**घोसिया।** समाजवादी पार्टी औराई विधानसभा के सभी सेक्टर प्रभारी, सह सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी द्वारा बूथ पर मतदाता सूची में नया नाम बढ़ाने को लेकर एक आवश्यक समीक्षा बैठक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धर्मेद्र यादव के आवास ग्राम उचेठा में रविवार को दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए पूर्व विधायक मधुबाला पासी एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. सनावरुल हक ने कहा कि सेक्टर प्रभारी, सह सेक्टर प्रभारी और बूथ प्रभारी अभी तक बूथ लेवल पर जो भी कार्य हुआ है, उसका विवरण वोटर लिस्ट के साथ लाने का कष्ट करें। जिससे समय रहते हर बूथ को सपा के संघर्षरत कार्यकर्तागण के सहयोग से मजबूत किया जा सके।

## बारिश की वजह से भरभरा का धरासायी हुआ कच्चा मकान

**मोढ़।** जिले में रूक-रूक कर हो रही बारिश तथा ग्रामीण इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था न होने के फलस्वरूप कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला लगाता जारी है। जिसके क्रम में शनिवार की सुबह हुई बरिश से सुरियावां विकास खंड के ग्राम सभा चकजीवरानी गांव निवासी संजय यादव का कच्चा मकान धरासायी हो गया। वहीं मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर घर में रखा 10 बोरी गेहूं व 4 कुंतल चावल समेत अन्य गृहस्ती के सामान नष्ट हो गये। बताया जाता है कि संजय की माली हालत बेहद खराब है। वहीं संजय ने जिला प्रशासन से आवास की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

# यूएनजीए में इमरान को भारत की अफसर बिटिया का करारा जवाब, कहा- लादेन को पालते हो, जल्दी पीओके खाली करो

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में किया, मगर उनका यह दांव उलटा पड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर से कश्मीर का राग अलापने वाले पाकिस्तान को भारत ने राइट टू रिप्लाई के तहत मुंहतोड़ जवाब दिया है और कहा कि संयुक्त राष्ट्र मंच का पाकिस्तान ने हमेशा गलत इस्तमाल किया है।

ओसामा बिन लादेन का नाम लेकर भारत ने दुनिया के सामने पाकिस्तान की पोल खोल दी है कि कैसे आतंक का आका आतंकवाद का समर्थन करता रहा है। बता दें कि आज सुबह (भारतीय समयानुसार) इमरान खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को वर्चुअली संबोधित किया और कश्मीर का जिक्र कर कहा कि पाक शांति चाहता है और कश्मीर विवाद के समधाना से ही दक्षिण एशिया में शांति स्थापित होगी। राइट टू रिप्लाई के तहत भारत की तरफ



से इमरान खान के भाषण पर जवाब देते हुए भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी स्नेहा दुबे ने कहा कि अफसोस की बात है कि यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान के नेता ने मेरे देश के खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रदान किए गए मंचों का दुरुपयोग किया है। वह दुनिया का ध्यान अपने देश की उस स्थिति से हटाने की कोशिश कर रहे हैं जहां आतंकवादी फ्री पास का आनंद लेते हैं। जबकि आम लोगों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों का जीवन वहां उलटा हो जाता है। उनके ऊपर अत्याचार होता है।संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के संबोधन के राइट टू रिप्लाई में भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुले तौर पर आतंकवादियों का समर्थन करने और उन्हें हथियार देने के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है। भारत ने आगे कहा कि पाकिस्तान के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों की सबसे बड़ी संख्या की मेजबानी करने का अपमानजनक रिकॉर्ड है।

भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी स्नेहा दुबे ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग थे, हैं और रहेंगे। इसमें वे भी क्षेत्र शामिल हैं जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में हैं। हम पाकिस्तान से उसके अवैध कब्जे वाले सभी क्षेत्रों को तुरंत खाली करने के लिए कहते हैं।भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और संयुक्त राष्ट्र के मंच पर दुनिया को बताया कि ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में पनाह मिली। आज भी पाकिस्तान नेतृत्व आतंकी लादेन को 'शहीद' के रूप में महिमामंडित करता है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान अपने घर में आतंकवादियों को इस उम्मीद में पालता है कि वे केवल उनके पड़ोसियों को नुकसान पहुंचाएंगे। भारत ने तंज कसते हुए कहा कि हम सुनते रहते हैं कि पाकिस्तान 'आतंकवाद का शिकार' है। आग लगाने वाला पाक नकाब पहनकर खुद को फायर फाइटर बता रहा है। भारतीय प्रतिनिधि ने आगे कहा कि पाकिस्तान के लिए बहुलवाद को समझना बहुत मुश्किल है जो अपने अल्पसंख्यकों को राज्य के उच्च पदों की आकांक्षा से रोकता है।

# महाराष्ट्र सरकार में दरार, कांग्रेस नेता ने राज्यपाल को चिट्ठी लिखकर उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के साकी नाका बलात्कार-हत्या मामले पर महाराष्ट विकास अघाड़ी (र्श्ें) सरकार के रुख की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता विश्वबंधु राय ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को पत्र लिखा है। दो पन्ने की चिट्ठी में उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी को ही कठघरे में खड़ा कर दिया।कांग्रेस नेता राय ने लिखा, ठसीएम एक क्षेत्रीय दल के प्रमुख हैं और उनकी राजनीतिक चिंता क्षेत्रवाद है। उन्होंने अपने वोट बैंक को संतुष्ट करने के लिए अन्य राज्यों के लोगों को निशाना बनाया।



महाराष्ट्र में महिलाओं के प्रति बढ़ते रेप और हिंसा मामले पर विधानसबा में विशेष सत्र बुलाने का सुझाव अत्यंत सराहनीय है। आपने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। साकी नाका रेप कांड के बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अप्रत्यक्ष रूप से परप्रांतियों (दूसरे राज्य के लोगों) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। एक बलात्कारी किसी भी भाषा, धर्म, जाति का हो उसकी सजा फांसी होनी चाहिए।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एक क्षेत्रीय पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। इनका राजनीतिक सरोकार प्रांतवाद है। इसलिए साकी नाका रेप केस में सीधे-सीधे दूसरे राज्यों के लोगों को निशाना साधकर इन्होंने खुद के वोट बैंक को संतुष्ट करने की कोशिश की है। किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा किसी भी अन्य राज्य के लोगों पर प्रत्याक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधना निंदनीय कार्य है। महाराष्ट्र में कुछ और राजनीतिक दल भी इसी का सहारा लेकर ओछी राजनीति करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के ईमेल से 'सबका साथ सबका विश्वास' स्लोगन और प्रधानमंत्री की तस्वीर हटाई गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक ईमेल से 'सबका साथ सबका विश्वास' स्लोगन और प्रधानमंत्री की तस्वीर हटा दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत के आधिकारिक ई-मेल में 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ-साथ प्रधानमंत्री की तस्वीर संलग्न होने पर कथित विवाद को खत्म करने के लिए एनआईसी को उन्हें हटाने और शीर्ष अदालत की तस्वीर लगाने को कहा है। शीर्ष अदालत के सूत्रों ने बताया कि नारा और तस्वीर अनजाने में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा डाली गई थी। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'कल देर शाम सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री के ध्यान में लाया गया कि शीर्ष अदालत के आधिकारिक ई-मेल में नीचे की तरफ एक छवि है, जिसका न्यायपालिका के कामकाज से कोई संबंध नहीं है।' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय से आने वाले ई-मेल से उस छवि को हटाने का निर्देश दिया गया था, जिसे एनआईसी ने उन्हें शीर्ष अदालत की तस्वीर के साथ बदल दिया है। एक अधिकारी ने ई-मेल का स्क्रीनशॉट भी साझा किया, जिसमें नारे और प्रधानमंत्री की तस्वीर के बजाय अदालत की तस्वीर थी। एनआईसी शीर्ष अदालत को ई-मेल सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अनजाने में हुई गलती पर विवाद खड़ा करने की कोशिश की।



# ममता बनर्जी को केंद्र सरकार ने रोम जाने की नहीं दी इजाजत

## दीदी बोलीं- मुझसे जलते हैं मोदी, नहीं रोक पाओगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्र सरकार ने अगले महीने रोम जाने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी को 'विश्व शांति सम्मेलन' में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार के फैसले पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा है कि पीएम मोदी उनसे जलते हैं। ममता बनर्जी ने कहा, ''आप मुझे नहीं रोक पाओगे, मैं विदेशों में जाने के लिए लिए उत्सुक नहीं हूं, लेकिन यह देश के सम्मान से जुड़ा है। आप (पीएम मोदी) हिंदू के बारे में बात करते हो, मैं भी एक हिंदू महिला हूं। आप क्यों मुझे इजाजत नहीं देते? आप पूरी तरह से ईर्ष्यालु हैं।



तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता देबांग्शु भट्टाचार्य ने ट्वीट किया, ''केंद्र सरकार ने दीदी के रोम दौरे को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इससे पहले उन्होंने चीन दौरे की अनुमति भी रद्द कर दी थी। हमने अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भारत के हित को ध्यान में रखकर उस फैसले को स्वीकार कर लिया था। लेकिन अब इटली क्यों मोदी जी? बंगाल के साथ आपको क्या समस्या है? छी! इस साल अगस्त में बनर्जी को रोम में स्थित कैथोलिक एसोसिएशन, सेंट एगिडियो के समुदाय के अध्यक्ष मैक्रो इम्पाग्लियाजो ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। वह एकमात्र भारतीय हैं जिन्हें बुलाया गया है। पोप फ्रांसिस, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल और मिस्र के अल-अलझर के सबसे बड़े इमाम एचई अहमद अल-तैयब सहित अन्य के 6 और 7 अक्टूबर, 2021 को होने वाले सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। एक टीएमसी नेता ने बताया, ''एक खत में विदेश मंत्रालय ने बताया है कि यह कार्यक्रम किसी राज्य के मुख्यमंत्री की भागीदारी के लिए स्थिति के लिए अनुरूप नहीं है।'' टीएमसी ने केंद्र सरकार के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रतिशोध की राजनीति बताया है।

## मोदी के मंत्री ने की राहुल गांधी के बयान की आलोचना, बताया- पार्ट-टाइम नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उनके 'मिस्टर 56-इंच चीन से डरते हैं।' ट्वीट पर आलोचना की और वायनाड के सांसद को ठगैर-गंभीर, पार्ट टाइम राजनेताठ कहा।

प्रह्लाद जोशी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, ठमैंने पहले भी यह कहा है कि राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्हें इतिहास या भविष्य के बारे में नहीं पता है। भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ठराहुल गांधी एक गैर-गंभीर, अंशकालिक राजनेता हैं। जब भी कोई गंभीर संकट होता है, तो वह देश से बाहर जाते हैं। यह उनके बयानों पर प्रतिक्रिया के लायक नहीं है। यह सबसे बचकाना और अपरिपक्व बयान है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इससे पहले शुक्रवार को चीन के साथ गतिरोध को लेकर केंद्र पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने एक वीडियो क्लिप के साथ ट्वीट किया, मिस्टर 56-इंच चीन से डरते हैं। वहीं, कर्नाटक के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, डॉ के सुधाकर ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए ण्क्ष्क्ष्ठ-19 मौतों का इस्तेमाल करती है। कर्नाटक विधानसभा में बोलते हुए, मंत्री ने कहा, ठयह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी इतनी नीचे गिर गई है कि वह अपने राजनीतिक लाभ के लिए कोरोना पीड़ितों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करती है।ठ कांग्रेस पार्टी पर 'हिट एंड रन' की संस्कृति दिखाने का आरोप लगाते हुए सुधाकर ने सदन में हंगामा करने के लिए पार्टी पर निशाना साधा।



# 28 सितंबर को कांग्रेस का हाथ थामेंगे कन्हैया कुमार, जिग्नेश मेवानी को भी दिलाई जाएगी सदस्यता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्ष और सीपीआई नेता कन्हैया कुमार 28 सितंबर को कांग्रेस पार्टी का दामन थामने जा रहे हैं। कांग्रेस मुख्यालय में उनके और गुजरात से विधायक जिग्नेश मेवानी को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। एक के बाद एक चुनाव हार चुकी कांग्रेस अब खुद को बदलने की तैयारी कर रही है। पार्टी की नजर विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव पर है। चुनाव में जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए पार्टी जातीय समीकरणों के साथ युवाओं पर दांव लगाने जा रही। ताकि, 2024 के चुनाव में जीत हासिल की जा सके। कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी को पार्टी में शामिल कराना उसी का हिस्सा है।

**कन्हैया कुमारः** कन्हैया कुमार का ताल्लुक बिहार के बेगुसराय है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने किस्मत भी आजमाई थी, पर वह भाजपा के गिरिराज सिंह से हार गए। बेगुसराय में भूमिहार मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा है और कन्हैया कुमार भी भूमिहार है। ऐसे में वह खुद को साबित करने में विफल रहे।इसके बावजूद पार्टी मानती है कि बिहार में नए चेहरे की जरुरत है। छात्र नेता के तौर पर उन्हें संगठन बनाने का अनुभव है। बिहार कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह कहते हैं कि कन्हैया के आने से पार्टी को फायदा होगा। क्योंकि, कन्हैया वही मुद्दे और लड़ाई लड़ रहे हैं जिन्हें कांग्रेस उठाती रही है।



**जिग्नेश मेवाणीः** वर्ष 2017 के चुनाव में हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवाणी की तिगड़ी ने अहम भूमिका निभाई थी। हार्दिक पटेल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। वहीं, अल्पेश ठाकोर भाजपा में चले गए। पर जिग्नेश मेवाणी ने कभी कोई समझौता नहीं किया और वह लगातार भाजपा से लड़ते रहे हैं। गुजरात में सात फीसदी दलित हैं और उनके लिए 13 सीट आरक्षित हैं। पिछले चुनाव में अधिकतर आरक्षित सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। उस वक्त जिग्नेश मेवाणी अपनी सीट तक सीमित रहे थे और कांग्रेस ने उनके खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारा था। पर मेवाणी के कांग्रेस में आने से तस्वीर बदल सकती है।

# बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में 6 आतंकवादी ढेर, दो टॉप कमांडर भी शामिल

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के एक अभियान में छह संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। इनमें दो शीर्ष आतंकवादी कमांडर शामिल हैं। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया एवं जनसंपर्क इकाई 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि अर्द्धसैन्य बलूचिस्तान फ्रंटियर कोर को खारान जिले के समीप एक ठिकाने में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली जिसके बाद शुक्रवार को अभियान चलाया गया। बयान में कहा गया है कि जैसे ही फ्रंटियर कोर के सैन्य इलाके में घुसे और उन्होंने इलाके की घेराबंदी की तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दी और उन्होंने अपने ठिकाने से भागने की कोशिश की।बयान में कहा गया है कि भीषण मुठभेड़ के बाद कमांडर गुल मीर उर्फ पुलेन और कलीमुल्ला बोलानी समेत छह आतंकवादी मारे गए। इलाके से हथियारों और गोला बारुद का भारी जखीरा भी बरामद किया गया है। इस महीने की शुरुआत में केच जिले के बुलेदा इलाके में सशस्त्र हमलावरों ने फ्रंटियर कोर के काफिले पर हमला कर दिया था जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गयी थी और एक अन्य घायल हो गए था। वहीं पांच सितंबर को एक आत्मघाती हमलावर ने क्वेटा-मास्तुंग रोड पर फ्रंटियर कोर के काफिले को निशाना बनाया था जिसमें चार सैनिकों की मौत हो गयी थी और 21 अन्य घायल हो गए थे। बाद में प्रतिबंधित संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' ने आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली थी।



# क्रूरता! तालिबान ने युवक की डेड बॉडी को बीच चौराहे टांग दिया, बोला- किडनैपिंग में था शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान ने पिछले ही महीने बंदूक की नोंक पर अफगानिस्तान पर कब्जा किया था। अब तालिबान की बर्बरता की कहानियां भी सामने आने लगी हैं। बताया जा रहा है कि तालिबान ने बीच सड़क पर एक डेड बॉडी को क्रेन से टांग दिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तालिबान ने एक डेड बॉडी को वेस्टर्न अफगानिस्तान में हेरात शहर के मुख्य चौराहे पर टांग दिया। इस इलाके के एक तरफ फार्मेसी की दुकान चलाने वाले वज़ीर अहमद सिद्दीकी ने "दर्मूी झे' को बताया कि वहां चार डेड बॉडी लाए गए थे। तीन अन्य डेड बॉडी को दूसरे स्क्वायर पर टांगने के लिए ले जाया गया है। सिद्दीकी ने कहा कि यह चारों एक किडनैपिंग के मामले में शामिल थे। इन सभी को पुलिस ने मार दिया। तालिबान के संस्थापकों में से एक मुल्ला नुरूद्दीन तुराबी ने इसी हफ्ते कहा था कि कठोर सजा का प्रावधान एक बार फिर लागू होगा लेकिन शायद जनता के बीच नहीं। 15 अगस्त को काबुल पर कब्जा करने के बाद पूरे देश पर कब्जा कर लिया। पूरी दुनिया की नजर अभी इस वक्त अफगानिस्तान पर टिकी है कि वहां तालिबान किस तरह शासन करता है। अफगानिस्तान में तालिबान का क्रूर चेहरा साल 1990 के दौरान दुनिया ने देखा है। तालिबान अपनी क्रूरता के लिए विश्व भर में कुख्यात माना जाता है। बता दें कि भारत और अमेरिका ने तालिबान से उसके द्वारा जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यक समूहों सहित सभी अफगानों के मानवाधिकारों का सम्मान करने का आह्वान किया है। दोनों देशों ने अफगानिस्तान के नये शासकों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि युद्धग्रस्त देश की धरती का किसी भी अन्य देश को धमकाने या हमला करने या आतंकवादियों को पनाह या प्रशिक्षण देने के लिए फिर से इस्तेमाल न हो सके।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच शुक्रवार को यहां पहली आमने-सामने की द्विपक्षीय बैठक के बाद भारतीय-अमेरिकी नेताओं के संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने के महत्व पर विशेष जोर दिया।



संयुक्त बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने संकल्प किया कि तालिबान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव 2593 (2021) का पालन करना चाहिए जिसमें कहा गया है कि अफगानिस्तान की सरजमीं का किसी अन्य देश को धमकाने या उसपर हमला करने या किसी आतंकवादी को प्रशिक्षित करने या शरण देने या आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने के लिए दोबारा कभी नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने के महत्व पर जोर दिया।

## तालिबान ने इमरान खान को बताया सेना की कठपुतली, कहा- अफगानिस्तान मामलों से दूर रहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान ने पाकिस्तान के पीएम इमरान खान को कठपुतली बताया है। तालिबान नेता जनरल मुबीन ने कहा है कि इमरान खान को पाकिस्तान के लोगों ने नहीं चुना है। पाकिस्तान में इमरान खान को लोग कठपुतली कहते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को धमकी देते हुए कहा है कि हम ये हक किसी को नहीं देते कि कोई हमारे शासन में हस्तक्षेप करे और अगर कोई ऐसा करता है तो हम भी हस्तक्षेप का हक रखते हैं। मुबीन ने इमरान खान को अफगानिस्तान के मामलों से दूर रहने की सलाह दी है। मुबीन ने कहा है कि इमरान खान अफगानिस्तान में समावेशी सरकार चाहते हैं। उन्हें जनता ने पीएम नहीं चुना है और हमें सलाह दे रहे हैं। पाकिस्तान के लोग कहते हैं कि वह पाकिस्तानी सेना के कठपुतली हैं। इमरान खान की सरकार में पश्तून सहित सारे अल्पसंख्यक समुदायों के साथ बुरा सलूक किया जा रहा है।

## हाथ काटने जैसी बर्बर सजा को वापस लाएगा तालिबान, कहा- कोई हमें यह नहीं बताए कि हमारे नियम क्या हों

**काबुल (एजेंसी)।** एक ओर तालिबान दुनिया को बता रहा है कि वह अब बदल गया है। तालिबान दुनिया के देशों से मान्यता मिलने के इंतजार में है और यूनाइटेड नेशंस में जगह तलाश रहा है लेकिन तालिबान से किसी भी तरह की उम्मीद रखने वालों को फिर से झटका मिला है। तालिबान के संस्थापकों में से एक मुल्ला नूरुद्दीन तुराबी ने न्यूज एजेंसी एपी से बात करते हुए कहा है कि अफगानिस्तान में एक बार फिर फांसी और अंगों को काटने की सजा दी जाएगी। लेकिन यह संभव है कि ऐसी सजा सावर्जनिक स्थानों पर न दी जाए।तुराबी ने साफ कहा है कि स्टेडियम में दंड देने को लेकर दुनिया ने हमारी आलोचना की है। हमने उनके नियमों और कानूनों के बारे में कुछ नहीं कहा है। ऐसे में कोई हमें यह नहीं बताए कि हमारे नियम क्या होने चाहिए। हम इस्लाम का पालन करेंगे और कुरान पर अपने कानून बनाएंगे। 15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद से दुनिया की निगाहें अफगानिस्तान पर टिकी हैं कि क्या तालिबान 1990 के दशक वाले नियम कानून फिर से थोपेगा या नहीं। लेकिन तुराबी के इन बयानों से साफ है कि तालिबान की विचारधारा जस की तस है। पिछले तालिबान शासन के दौरान हत्यारों को खुले मैदान में गोली मार दिया जाता था। चोरों का एक हाथ काट दिया जाता था और हाईवे पर डकैती करने वालों के एक हाथ और पैर काट दिए जाते थे। तुराबी के बयानों से यह साफ है कि इन नियमों में कोई बदलाव संभव नहीं है। तुराबी ने इस बात पर लगातार जोर दिया है कि अफगानिस्तान के कानूनों की नींव कुरान होगी और फिर से वही सजा बहाल की जाएगी।




**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025